दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

वर्ष 03 : अंक : 313 | ग्वालियर, शुक्रवार 19 दिसम्बर 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8





## न्यूज ट्रैक

### ह के वाहन को निशाना बनाए जाने का पाक ने चलाया प्रोपेगेंडा, भारत ने दावे को किया खारिज




**नई दिल्ली।** झूठ और प्रोपेगेंडा चालने के लिए कुख्यात पाकिस्तान ने शुक्रवार को एक और फर्जी दावा किया। पाकिस्तान की सेना और विदेश मंत्रालय ने भारतीय सैनिकों पर आरोप लगाया कि लाइन ऑफ कंट्रोल (स्र्भ्ष्ट) पर संयुक्त राष्ट्र के वाहन को निशाना बनाया गया है। भारत ने आधिकारिक रूप से प्रतिक्रिया तो नहीं दी है, लेकिन सूत्रों ने इन दावों को झूठा और गलत बताया है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से आज इस सेक्टर में गोलीबारी नहीं की गई है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा और विदेश कार्यालय ने दावा किया किया कि भारत पाकिस्तान में यएन मिलिट्री ऑब्जर्वर ग्रुप के दो अधिकारियों को ले जा रहे वाहन को भारतीय सैनिकों ने एसओसी पर निशाना बनाया। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल बाबर इफ्तिकार ने संयुक्त राष्ट्र के वाहन की तस्वीर ट्वीट की है, जिसमें विंडो और चेसिस पर कुछ नुकसान दिख रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस एसयूवी को चिरिकोट सेक्टर में बिना उकसावे की गई फारयिंग में निशाना बनाया गया। पहचान गोपनीय रखने की अपील करते हुए ऊपर कोट किए गए व्यक्ति ने कहा, यूएन के वाहन पर हमले को लेकर पाकिस्तानी पक्ष से आ रही खबरें पूरी तरह झूठी और गलत हैं। शुक्रवार को भारतीय पक्ष की ओर से इस सेक्टर में कोई फायरिंग नहीं हुई है। चूंकि, यूएन के वाहन आने की सूचना अडवांस में होती है, इस तरह की फायरिंग का सवाल ही नहीं उठता है। आरोप निराधार हैं। भारतीय पक्ष हस्र्ल्तढ्डक्क को मान्यता नहीं देता है, जिसका दरफ्तर श्रीनगर और पीओके में है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जाहिद चौधरी ने यूएन के वाहन पर कथित फायरिंग को नया निम्न स्तर बताया। उन्होंने कहा कि यह घटना सुबह 10.45 पर हुई, जब अधिकारी चिरिकोट सेक्टर में पोलास गांव में सीजफायर उल्लंघन से प्रभावित लोगों से मिलने जा रहे थे। चौधरी ने कहा कि वाहन को नुकसान पहुंचा, लेकिन अधिकारी सुरक्षित हैं। हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच भीषण गोलाबारी हुई है। भारतीय पक्ष का कहना है कि इसकी ओर से पाकिस्तानी फायरिंग का जवाब दिया जाता है। पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ के लिए फायरिंग करते हुए उन्हें कवर देता है।

### पहले बनाए संबंध फिर खुद को तलाकशुदा बता कर ली दूसरी शादी, जब पहली पत्नी लौटी तो...

**अहमदाबाद।** 42 साल के एक शख्स ने 21 वर्षीय लड़की से खुद को तलाकशुदा बताकर प्रेमजाल में फंसाया और उससे शादी कर ली। नाराज पत्नी के मायके से वापस लौटने के बाद उसे लड़की का परिचय नौकरानी के रूप में दिया। बताया जा रहा है कि अहमदाबाद के गोता इलाके में रहने वाले 42 साल के विपुल ने नेहा (परिवर्तित नाम) से खुद को तलाकशुदा बताकर शादी कर ली, लेकिन कुछ दिन बाद ही नाराज होकर मायके गई पत्नी जब वापस लौटी तो विपुल ने पत्नी से कह दिया कि वह इस लड़की (नेहा) को नौकरानी बनाकर घर लाया था। इसके बाद दोनों उस पर अत्याचार करने लगे और नेहा को घर में ही कैद कर लिया। किसी तरह नेहा ने हेल्पलाइन पर फोन लगाकर खुद को दोनों के चंगुल से आजाद करवाया।

**पत्नी से तलाक की बात कह कर ली थी शादी**–पीड़ता नेहा (परिवर्तित नाम) द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार वह एक कपड़े की फैक्ट्री में नौकरी करती थी। यहीं पर 42 साल का विपुल भी काम करता था। इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। विपुल ने उसे बताया कि पहली पत्नी से उसका तलाक हो चुका है। यही बात कहकर उसने नेहा से शादी कर ली और दोनों साथ रहने लगे। कुछ दिन पहले ही उसकी पत्नी घर लौट आई, तब मालूम हुआ कि दोनों का तलाक अभी तक हुआ नहीं है। वहीं, विपुल ने भी पहली पत्नी से ये कहा कि नेहा उसकी नौकरानी है। इसके बाद दोनों पति-पत्नी उस पर अत्याचार करने लगे और घर में ही कैद कर लिया।

**मौका पाकर नेहा ने किया हेल्पलाइन को फोन**–बुधवार को विपुल के कहीं चले जाने पर नेहा के हाथ उसका मोबाइल फोन लग गया और मौका पाते ही नेहा ने हेल्पलाइन में फोन कर मदद मांगी। सूचना मिलते ही महिला पुलिस की टीम घर जा पहुंची और नेहा को मुक्त करवा लिया।

### अचानक दिल्ली पहुंच अमित शाह से मिले शुभेंदु अधिकारी

# बंगाल में सियासी भूचाल के लिए साथ पहुंच रहे हैं कोलकाता

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में संभावित सियासी भूचाल से पहले जब सबकी नजरें कोलकाता पर टिकी थीं, ऐसे में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी शुभेंदु अधिकारी सबको चकमा देते हुए अचानक दिल्ली पहुंच गए। शुक्रवार को यहां उन्होंने बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और फिर दोनों साथ बंगाल के लिए उड़ चले। शाह अगले दो दिन राज्य में रहेंगे और इस दौरान एक दर्जन टीएमसी नेता बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। चार महीने बाद राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और ममता बनर्जी के लिए यह बड़ा झटका है।

मीडिया को चकमा देते हुए शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को पहले भुवनेश्वर के लिए फ्लाइट ली और यहां से उन्होंने दिल्ली के लिए उड़ान भरी। बताया जा रहा है कि राजधानी पहुंचकर उन्होंने अमित शाह से मुलाकात की है। शुभेंदु की सहयोगी और हाल ही में टीएमसी से निकाली गई कनिष्का पांडा ने कहा, शुभेंदु और शाह एक ही विमान से कोलकाता पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। इससे पहले उन्होंने राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

**शाह का शनिवार से पश्चिम बंगाल का दो दिवसीय दौरा**–भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह शनिवार से पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरे में शाह पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र पार्टी की कई रणनीतिक बैठकों में भाग लेंगे। भाजपा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक शाह शनिवार को 10~45 बजे कोलकाता स्थित श्री रामकृष्ण मिशन आश्रम में स्वामी विवेकानंद के पैतृक गृह में उन्हें श्रद्धांजलि देंगे और पत्रकारों से संवाद करेंगे। इसके बाद दोपहर 12~30 बजे मेदिनीपुर जिले में स्थित मां सिद्धेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। वहीं पर शाह स्वतंत्रता सेनानी शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।इसके बाद मेदिनीपुर में ही डेढ़ बजे वह किसान परिवारों से मुलाकात करेंगे और ढाई बजे कॉलेज मैदान में आयोजित जन सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम को गृह मंत्री पश्चिम बंगाल से भाजपा के केन्द्रीय मंत्रियों, संगठन सचिवों, पर्यवेक्षकों और प्रदेश भाजपा महासचिवों के साथ आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र पार्टी के चुनाव प्रबंधन के कामों की समीक्षा करेंगे। अगले दिन रविवार को शाह 11 बजे विश्व भारती विश्वविद्यालय, शांति निकेतन के रबीन्द्र भवन में गुरुदेव रबीन्द्रनाथ ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद 12 बजे विश्वविद्यालय के सभागार में संबोधन देंगे। दोपहर दो बजे शाह बीरभूम के बोलपुर हनुमान मंदिर, स्टेडियम रोड से बोलपुर सर्किल तक रोड शो करेंगे। इसके बाद शाम को गृह मंत्री बीरभूम में ही पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे।





### किताब से हटाए जाएंगे ब्राह्मणों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले कंटेंट

## कर्नाटक की येदियुरप्पा सरकार का फैसला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने कक्षा छह की सामाजिक विज्ञान पाठ्यपुस्तक से कुछ सामग्री हटाने का निर्देश दिया है। इससे पहले ब्राह्मण विकास बोर्ड ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पुस्तकों में लिखी उक्त सामग्री में ब्राह्मणों के लिए अपमानजनक बातें लिखी गई हैं। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री एस सुरेश कुमार ने अपने विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखे एक नोट में यह भी निर्देश दिया है कि शिक्षकों और विशेषज्ञों की एक समिति बनाई जाए ताकि कक्षा एक से 10 दस तक की पाठ्यपुस्तकों में इस प्रकार की सामग्री की जांच की जा सके। निर्देश में 15 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने और आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया है। यह कदम उठाए जाने से पहले ब्राह्मण विकास बोर्ड ने इस संबंध में मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा से शिकायत की थी और कहा था कि पुस्तक में लिखी सामग्री ब्राह्मण समुदाय के लिए अपमानजनक है। एक फेसबुक पोस्ट में सुरेश कुमार ने लिखा कि मंत्रालय मठ के महंत ने उन्हें फोन कर ब्राह्मण समुदाय की भावनाओं से अवगत कराया था।



कुमार ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के बाद पाठ्यपुस्तक में संशोधन नहीं किया गया था और न ही कुछ नया जोड़ा गया था। उन्होंने कहा, ÷मैंने महंत को आश्वासन दिया है कि पहले जो गलती हो गई वह अब सामने आई है और उसे तत्काल सुधारा जाएगा।÷ मंत्री ने अपने नोट में कहा कि कक्षा छह की पाठ्यपुस्तक में नए धर्मों के उद्भव का कारण बताते हुए लिखा गया है कि संस्कृत पुजारियों की भाषा थी और आम आदमी उसे नहीं समझ सकता था। उन्होंने कहा कि पाठ्यपुस्तक के अनुसार होम और हवन में ढेर सारा अनाज, दूध, घी और अन्य चीजें डाली जाती थीं जिसके कारण भोजन की कमी हो गई थी। मंत्री ने कहा कि पाठ्यपुस्तक में यह भी लिखा है कि किसानों के पशुओं की बलि दी जाती थी। पुस्तक में लिखे ऐसे ही अन्य हिस्सों को उद्धृत करते हुए सुरेश कुमार ने अपने नोट में कहा कि ज्यादातर लोगों का मानना है कि इस प्रकार की सामग्री अनावश्यक रूप से लिखी गई है और यह उस वर्ग के बच्चों के लिए नहीं है जिनके लिए यह लिखी गई है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की भड़काऊ सामग्री से समाज में भ्रम पैदा होगा और एक वर्ग के लोगों की भावनाएं भी आहत होंगी।

### हैदराबाद की कंपनी ने किया नीरव मोदी से भी बड़ा घोटाला, बैंकों को लगाया 7926 करोड़ रुपए का चूना

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 7,926 करोड़ रुपए की कथित बैंक धोखाधड़ी को लेकर हैदराबाद के ट्रांसस्ट्रॉय (इंडिया) लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह देश के बड़े बैंक घोटालों में शामिल नीरव मोदी केस से भी बड़ा मामला है। जांच एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि एजेंसी ने कंपनी और आरोपी निदेशकों के परिसरों की तलाशी ली और उसे अभियोजनयोग्य दस्तावेज मिले। सीबीआई ने अपनी प्राथमिकी में कंपनी, उसके अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक चेरूकुरी श्रीधर और अतिरिक्त निदेशक रयापति संबाशिवा राव एवं अक्किनेनी सतीश को नामजद किया है। आरोप है कि हैदराबाद की इस निजी कंपनी और उसके निदेशकों ने विभिन्न बैंकिंग व्यवस्थाओं के तहत ऋण लिया था। सीबीआई प्रवक्ता आर के गौड़ ने कहा, केनरा बैंक की अगुवाई में बैंकों का समूह बनाया गया। यह भी आरोप है कि लेखा पुस्तिकाओं का फर्जीवाड़ा किया गया, स्टॉक विवरणों में जालसाजी की गई, तुलन-पत्र में छेड़छाड़ की गई और रकम को इधर-उधर ले जाकर प्राप्त किया गया, आदि बातें शामिल है।



### कर्नाटक में 8 साल के लड़के का अपहरण मांगी बिटकॉइन में 17 करोड़ की फिरौती

**बेल्तांगढी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के उजिरे में अपहरणकर्ताओं ने एक व्यवसायी के आठ वर्षीय बेटे को अगवा कर 17 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। दिलचस्प बात यह है कि यह फिरौती बिटकॉइन के रूप में मांगी गई है।पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार शाम अपहरणकर्ताओं ने बिजॉय एजेंसी के मालिक के बेटे अनुभव का उजिरे जनार्दन स्वामी मंदिर के निकट कारस्ट्रीट स्थित उनके घर के बाहर एक कार में आए तीन से चार लोगों के गिरोह ने अपहरण कर लिया। लड़के के दादा ए के शिवन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर कहा कि जब वह अपने पोते अनुभव के साथ शाम की सैर के बाद घर लौट रहे थे, तभी अपहरणकर्ताओं ने घर के गेट के पास से उनके पोते को कार में खींच कर अगवा कर लिया। इससे पहले कि वह कुछ कर पाते अपहरणकर्ता वहां से भाग गए। बाद में अपहरणकर्ताओं ने लड़के की मां से फिरौती की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लड़के की तलाश शुरू कर दी है। अपहरणकर्ताओं के चंगुल से लड़के को छुड़ाने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं।

## कब, किसे और कैसे मिलेगा कोरोना का टीका, सरकार ने सभी सवालों के दिए जवाब

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के खिलाफ जंग में सबसे कारगर हथियार माने जा रहे वैक्सीन का इंतजार हम सभी को बेसब्री से है। इसके साथ वैक्सीन को लेकर सभी के मन में कई तरह के सवाल हैं। जैसे टीकाकरण कब शुरू होगा? किन लोगों को पहले दिया जाएगा? संक्रमित हो चुके लोगों को भी टीका लगाया जाएगा या नहीं? कितने डोज लेने होंगे? इन सभी सवालों का जवाब स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से दिया गया है।



**टीका लगवाना आपकी मर्जी**–कब, किसे और कैसे मिलेगा कोरोना का **टीका, सरकार ने सभी सवालों के दिए जवाब**–केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कोविड-19 के टीके की खुराक लेना व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर करेगा यानी कि टीका लगवाना अनिवार्य नहीं होगा। मंत्रालय ने कहा, कोविड-19 का टीका लेना व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर करेगा। हालांकि टीके की पूरी खुराक लेने की सलाह दी जाती है। मंत्रालय ने कहा कि दूसरी खुराक लेने के दो हफ्ते बाद शरीर में एंटीबॉडी का सुरक्षात्मक स्तर तैयार होता है।

**संक्रमित हो चुके लोगों को भी लगेगा टीका**–मंत्रालय ने कहा कि पूर्व में कोविड-19 से संक्रमित हो चुके लोगों को भी कोरोना वायरस के टीके की पूरी खुराक लेने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे बीमारी के खिलाफ मजबूत प्रतिरोधक क्षमता तैयार होगी।

**कब से टीकाकरण?**–सरकार ने यह भी कहा है कि भारत में उपलब्ध टीका भी दूसरे देशों में विकसित टीके जितना ही कारगर होगा।

### कांग्रेस के नाराज नेताओं संग सोनिया की अहम बैठक आज

# राहुल-प्रियंका भी होंगे शामिल

> कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक बुलाई है। इस बैठक में असन्तुष्ट नेताओं में शामिल गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा भी शामिल होंगे। दस जनपथ पर होने वाली इस बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल होंगी।

**नई दिल्ली।** असन्तुष्ट नेताओं के पत्र लिखने के बाद हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद पार्टी में असंतोष खत्म करने की यह दूसरी कोशिश है। बैठक में वरिष्ठ नेता एके एंटनी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और वरिष्ठ नेता कमलनाथ के शामिल होने की संभावना है। इस बैठक में कमलनाथ की भूमिका काफी अहम है, क्योंकि कमलनाथ ने ही कांग्रेस अध्यक्ष से वरिष्ठ नेताओं की बैठक बुलाने का आग्रह किया था।

पिछले कुछ चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी को कई राज्यों में स्थानीय निकायों के चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा। राजस्थान में सरकार के बावजूद पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा। ऐसे में पार्टी मौजूदा हालात पर चर्चा कर एकजुटता का संदेश देना चाहती है। कांग्रेस के नए अध्यक्ष का चुनाव भी जनवरी-फरवरी में होना तय है। इसके लिए चुनाव प्राधिकरण ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। ऐसी स्थिति में यह बैठक और अहम हो जाती है। पार्टी के अंदर एक बड़ा तबका राहुल गांधी को फिर से अध्यक्ष बनाने की मांग कर रहा है। ऐसे कांग्रेस अध्यक्ष की कोशिश होगी कि नया अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से किया जाए।

करीब एक सप्ताह बाद 28 दिसम्बर को कांग्रेस का स्थापना दिवस है। पार्टी 136 साल की हो जाएगी। पार्टी अध्यक्ष के तौर पर सोनिया गांधी चाहती है कि स्थापना दिवस समारोह में सभी नेता मौजूद रहे। इसलिए पार्टी के असन्तुष्ट नेताओं के साथ सोनिया गांधी की बैठक का पार्टी के कामकाज पर असर तय है।




ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।
सम्पर्क करें
जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश
मो. 7879637585, 8770253710
Website-www.pushpanjalitoday.com
Email.- pushpanjalitoday@gmail.com

## एक नजर....

### युवाओ के आदर्श रहै डा.असित यादव के प्रति मुरैना की जनता की एक बार फिर निगाहें... बड़ी मुश्किल से मिलता है चमन को दीदार पैदा...

केशब पडित जी अम्बाह



**मुरैना...** जिले की बेहतर कानून व्यवस्था और नवाचार के पहचाने जाने वाले एसपी डा. असित यादव जी अभी ग्वालियर में 2 बटालियन की कमान संभाले हुए हैं ईमानदार, मेहनती, गंभीर, एसपी मुरैना में 16 महीने रहे थे और शहर से लेकर गांव तक उन्होंने अपनी कार्यशैली की छाप छोड़ी है अल्प समय ही सही मुरैना के लोग एसपी डा. असित यादव जी का कार्यकाल भूल नहीं पाएंगे मुरैना व्यापारी के 3 साल के बच्चे ग्रंथ की अपहरण वापसी को लेकर वे मुरैना की जनता के हृदय में बसे हुये है उनके कार्य काल में गुन्डे बदमाश भूमिगत होगये थे मुरैना जिले की जनता उनके कार्यकाल में सुकून महसूस कर रही थी इससे साफ प्रतीत होता है कि एसपी ने मुरैना की जनता के दिलों के बीच राज किया होगा मुरैना की निगाहें एक बार पुन~ उन्हीं की राह देख रही है जनता के प्रति सरकार सोचती है आईपीएस डा. असित यादव जी पहले उमरिया फिर बालाघाट में अपनी बेहतरीन कार्य प्रणाली के जरिए ना सिर्फ जनता के बीच पुलिस की छवि बनाई और जनता का विश्वास पुलिस में बढ़ाया है बल्कि अपने मेहकमे में भी एक उदाहरण बन कर सामने आए लोगों तक उनकी पहुच बहुत ही अच्छी रही है और सीधे, सरल, गंभीर, रहम दिलवाले उनकी पुलिसिग का अंदाज भी निराला है चाहे पीड़ित हो या कोई भी फरियादी हर कोई उनके दरवाजे से न्याय पाकर ही लौटता था उन्होंने ना सिर्फ जनता का विश्वास जीता बल्कि उन्होंने अपने मैहकमे में भी सभी का दिल जीत लिया है 28 फरवरी 2019 को मुरैना एसपी की जिम्मेदारी संभालने के बाद 2011 बैच के अधिकारी हैं नौकरी में आना जाना तो होता है परंतु मुरैना में उनकी एसपी गीरी बहुत-बहुत सफल रही मुरैना जिले की जनता उनका तहे दिल से जय हिंद सर बोलती हैं एक बार पुन~सादर शुभकामनाये साधुबाद...

### पेट्रोल डीज़ल मूल्याबृद्धि और मॅहगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन 19 को

अनिल पाराशर पुष्पांजलि टुडे क्राइम रिपोर्टर मध्य प्रदेश



भिण्ड- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ जी के निर्देश पर पेट्रोल- डीज़ल की मूल्यवृद्धि , रसोई गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के कारण बढ़ती महंगाई, और किसान विरोधी काले क़ानूनों के विरोध में , किसानो के समर्थन में , भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियो के विरोध में पूरे प्रदेश में कांग्रेस 19 दिसंबर को विरोध दिवस मनायेगी। कांग्रेस जिला प्रवक्ता डॉ. अनिल भारद्वाज ने बताया जिला कांग्रेसई अध्यक्ष जयश्रीराम बघेल के नेतृत्व में भिण्ड में 19 दिसंबर को सभी कांग्रेसजन उपवास रखेंगे। और ज़िला एवं ब्लॉक स्तर पर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक गांधी प्रतिमा के समक्ष गोल मार्केट पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपेंगे।जिसमे नगरपालिका, नगरपरिषद, जिला,जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों सहित विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमेठी भिण्ड,युवा कांग्रेस,एनएसयूआई, महिला कांग्रेस,सेवादल,किसान कांग्रेस, पिछडावर्ग, आईटीसेल, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक कांग्रेस, सद्भावना, एवं नगरीय निकाय,जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

### जमीनी एवं जीतने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं को ही मिलेगा नपा चुनाव का टिकट- मुदगल



अनिल पाराशर पुष्पांजलि टुडे क्राइम रिपोर्टर

**भिण्ड।** चुनाव हेतु कांग्रेस ने तैयारी शुरू करते हुए आज भिण्ड नगरपालिका चुनाव हेतु शहर एवं नगर कांग्रेस की बैठक आयोजित कर प्रत्याशीयों के बायोडाटा लेकर चर्चा की। जिसमे मुख्यतिथि के रूप में पर्यवेक्षक के रूप में आए ब्रजकिशोर शर्मा कल्लू ने कहा कि कांग्रेस जमीन से जुड़े एवं जीतने में सक्षम पार्टी कार्यकर्ताओं को ही होने वाले नगर पालिका चुनाव में टिकट देगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस बार कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा महिलाओं और युवाओं को पार्षद का टिकट देगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष जयश्रीराम बघेल ने कहा ''जो पहले कांग्रेस में टिकट बांटने का सिस्टम था, वह इस बार नहीं होगा। किसी (नेता) का बेटा हो या आम कार्यकर्ता जिसमे पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाई हो टिकट उसे ही मिलेगा। अब नेताओ की सिफारिश नही चलेगी। प्रदेश महासचिब बाबा भगवानदास सैंथिया और डॉ. राधेश्याम शर्मा ने मांग करते हुए कहा कि किसी अन्य पार्टी से कांग्रेस में आये कार्यकर्ता को भी टिकट नहीं दिया जाए। जिला उपाध्यक्ष भगवती शर्मा ने कहा, ''जो पैराशूट से टपकेगा, वह खुशी से पार्टी में आ सकता है। मगर उसके लिए टिकट नहीं टपकेगा। उसे पहले पार्टी के लिए लड़ाई लड़नी होगी, फिर उसके लिए टिकट की बात होगी।' कार्यक्रम को जिला प्रवक्ता एवं अकोड़ा के पर्यवेक्षक अनिल भारद्वाज,शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा,अरविंद बघेल,एनएसयूआई अध्यक्ष अतुल मिश्रा,सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, आइटिसेल अध्यक्ष शिशुपाल सिंह,रूपसिंह सरैया,राधामोहन शर्मा, हरनारायण शर्मा,आनंद शाक्य,श्रीकृष्ण नरवरिया, बलराम जाटव,जुग्गन दीक्षित,प्रमोद जैन डब्बू, राजवीर बघेल,निधि सिंह, संजीव बरुआ, प्रमोद सुमन,सुनील कांकर,गौरव भारद्वाज,राहुल राजावत, आदि ने भी सुझव दिए, कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष संजय भूता ने किया। और आभार कार्यवाहक अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने किया। प्रदेश महासचिव जामोर की माताजी के निधन पर शौक व्यक्त किया। बैठक के समापन पर प्रदेश महासचिव बाबूराम जामोर की माताजी के आज निधन पर समस्त कांग्रेसजन ने दो मिनेट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी, और उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भगवत कथा का शुभारंभ 26 को पूर्णाहुति व भंडारे के साथ होगा समापन

ठाकुरदास लोधी



**पिछोर।** श्री श्री 1008 श्री बिलैयादांत बेकल वाली माता मंदिर पर शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भगवत कथा का शुभारंभ हो गया जिसका 26 दिसम्बर शनिवार को पूर्णाहुति व भंडारे के साथ समापन होगा। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि लोगों के सुख शांति एवं वैश्विक महामारी से छुटकारा पाने के लिये श्रीमद्भगवत कथा व महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भक्त दिन में कथा व्यास के मुखारविंद से सुंदर कथा का श्रवण करेगें एवं रात्रि में बड़े बड़े कलाकारों द्वारा रामलीला का आयोजन किया जाएगा। वहीं शुक्रवार को कथा के शुभारंभ से पहले कलश यात्रा निकाली जो पूरे ग्राम में होते हुए बिलैयदान्त मंदिर पहुंची जिसमें कथा व्यास व यजमान सहित पूर्व मंत्री भैयासाहब लोधी एवं सैकडों लोग मौजूद रहे।

## नाजायज धन्धै किसी भी सूरत मे फलने फूलने नही दिये जाबेग: थाना प्रभारी यौगेन्द्र सिह जादौन

### मुखबिरों की सूचनाओ से पुलिस को मिल रही सफलताये...

केशब पंडित जी अम्बाह...??

**अम्बाह...** अभी तक थाना इलाके में जुआ शराब अवैध शस्त्रो के क्रय विक्रय सरीके नाजायज धंधे किसी भी सूरत में अम्बाह पुलिस फलने फूलने नहीं देगी ऐसे अवैध कृत्यो को अंजाम देने वाले मुजरिमो के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी यह बात अम्बाह थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह जादौन ने कहीं उन्होंने बताया कि मैंने अम्बाह में मुखबिर तंत्र को मजबूत करने का काम प्रारंभ कर दिया है ताकि अपराधों और अपराधियों के बारे में सटीक सूचनाएं पुलिस को मिलती है अंबाह थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह यादव जादौन ने माना कि गोपनीयता भंग होने की डर से लोग पुलिस को अपराधों और अपराधियों के बारे में सूचना देने से कतराते हैं उन्होंने कहा कि एक बार पुलिस जनता को यकीन दिलाने में कामयाब हो जाए तो उसे मुखबिरो से कारगर आम सूचनाएं मिलना प्रारंभ हो सकती है उन्होंने बताया कि हाल में ही कुछ दिनों में पुलिस को मुखबिरों से प्राप्त जानकारी मिलने से कामयाबी मिली है अभी हाल ही में नगरा घाट में रेत से भरी टैक्टर ट्रॉली को जप्त कर कार्यवाही की गई है अंबाह थाना प्रभारी योगेन्द्र सिह जादौन ने दावा किया है कि हमें और कामयाबी मिलने की उम्मीद है यह सफलता अवैध शस्त्र की



बरामदगी व अवैध शराब अथवा सट्टा व जुआरियो में किसी भी हो सकती है थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह जादौन ने उपचुनाव में ही कमान संभाली है जिसमें दिसम्बर माह मे महज 15 दिबस मे 130 अपराधो का निकाल किया है तथा अम्बाह शहर में स्वच्छता को लेकर उनका बिशेष फोकस है जैसे बिधालय, तहसील परिषर कॉलेज, कन्याशाला, या सार्बजनिक स्थान पर अगर कोई टॉयलेट करता हुआ पाया गया तो दण्डित किया जायेगा व नगर पालिका द्वारा 10 लोगो पर 200 रूपये के हिसाब से अर्थ दडिण्त किया गया है यह उनकी सराहनीय पहल है उन्होंने बताया मेरा मुखबिर तंत्र मजबूत रहता है इलाके के प्रत्येक गांव के प्रमुख गांव में कौन-कौन व्यक्ति अपराध में लिप्त है इसकी पूरी जानकारी के लिए प्रयास जारी कर दिए गये हैं थाना प्रभारी ने कहा कि यदि लोगों के राजस्व विभाग के मामले को राजस्व विभाग निवटारे की कोशिश जारी रखे तो अपराधों में गिरावट देखने को जरूर मिलेगी उन्होंने बताया कि शुरू से उनको वर्दी वाली नौकरी बहुत पंसन्द थी शिक्षा में कैमिस्ट्री से एमएससी है और खेलों के प्रति उनकी बिशेष रूचि है और एक अच्छे फोटो ग्राफर भी है।



## इटावा के एलआईसी एजेंट की मेहनत व लगन से लखनऊ ऑफिस में किया गया सम्मानित

**इटावा।** आज लखनऊ जनपद की एलआईसी शाखा हजरत के शाखा प्रबंधक उमेश वर्धन एवं विकास अधिकारी दीपेंद्र सिंह ने प्रशि कांत उर्फ संदीप गौतम को उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर ट्राफी एवं बिजनेस बैग देकर सम्मानित किया। बीमा सलाहकार संदीप गौतम का उत्साहवर्धन करते हुए उमेश वर्धन ने कहा कि एलआईसी देश की सर्वश्रेष्ठ बीमा कम्पनी है यहाँ जीवन लक्ष्य, जीवन आनंद, आधार शिला, आधार स्तंभ, कैंसर कवर जैसी पॉलिशियाँ बीमा धारकों के लिए लाभदायक साबित हो रही हैं , बीमा हर व्यक्ति की जरूरत है इसलिए समय रहते सपरिवार बीमा करायें । यहाँ कार्य करने वाले लोगों को दौलत, सोहरत और सम्मान सब कुछ मिलता है। विकास अधिकारी दीपेंद्र सिंह ने कहा कि बीमा आयु पर निर्धारित होता है यदि आज आपने समय रहते इसे स्वीकार नहीं किया तो कल ये भी आपको स्वीकार नहीं करेगा।

### खोड के संत भिमा महाराज हुए देवलोक गमन पर निकाली अंतिम यात्रा



रानी पाली नेनाराम सिरवी. राजस्थान के पाली जिले के रानी पंचायत समिति ग्राम पंचायत खोड. के संत भीमा महाराज देवलोक होने पर ग्रामीण और संतों की उपस्थिति में उनके निवास स्थान से पार्थिव शरीर को मुख्य मार्ग होते हुए ढोल नगाड़े एवं गाजे-बाजे के साथ अलख धाम पर समाधि दी गई. संत के देवलोक होने की खबर से आसपास के संत और भक्तजन काफी संख्या में खोड ग्रामीण पहुंचकर संत के अंतिम यात्रा में शामिल हुए. मौके पर संत परमानंद संत मना राम संत रुपाराम प्रवीण कुमार पूर्व एसडीएम रूपा राम भक्त ओपाराम. दास. मांगीलाल प्रजापत मगाराम प्रजापत रमेश कुमार दर्जी टीकम राम देवासी खीमा राम मीणा भला राम जैसा राम आदि की संख्या ग्रामीण उपस्थित रहे








## ग्राम तलवाड़ा बुजुर्ग में स्वर्गीय बाली देवी जी काग के पगड़ी रस्म में पौधा भेट किया

**मध्यप्रदेश।** स्वर्गीय बाली देवी की स्मृति में उनके पुत्र हीरालाल काग, मांगीलाल काग और पोते दिनेश जी काग और संजय जी पटेल काग के द्वारा आई माता मंदिर जूना पूरा तलवाड़ा बुजुर्ग में 5100 रुपये पंच भेरूलाल चौधरी, गोपाल जमादारी, बद्री जी कोटवाल, देवा जी मुकाती को भेंट किए ,5100 रुपए सीरवी इंटरनेशनल स्कूल करी बड़वानी में जिला अध्यक्ष दिनेश जी चौधरी को भेंट किए और स्व बाली देवी काग की स्मृति में गायत्री मंदिर तलवाड़ा बुजुर्ग में 2 पंखे भेट किये स्वर्गीय मोहनलाल काग और स्वर्गीय बाली देवीजी काग की स्मृति में स्व मोहन जी काग के पुत्र संजय जी पटेल काग ने मुक्ति धाम राम घाट में पानी की टंकी निर्माण के लिए 11000 रुपये भेट किये। सीरवी समाज ज़िला संगठन बड़वानी के द्वारा एक पहल प्रारंभ की थी कि पगड़ी रस्म में दिवंगत परिवार को एक पौधा भेट करते है इसी कडी में आज भी गांव के पंच भेरूलाल चौधरी, गोपाल जमादारी, बद्री जी कोटवाल, देवाराम मुकाती ने स्व बाली देवी जी काग के पुत्र और पोतो को पौधा भेट किया । पगड़ी रस्म होने के बाद सभी ने माता जी को श्रद्धांजलि दी । पगड़ी रस्म में समस्त समाज बंधु उपस्थिति थे पगड़ी रस्म का संचालन दुदालाल चौहान ने किया

## समाजवादी पार्टी कमेटी द्वारा दिल्ली बॉर्डर पर किसानों को पहुंचाई गई राहत सामग्री

पुष्पांजली टुडे

**इटावा** ~दिल्ली बॉर्डर पर कृषि बिल के विरोध में धरने पर बैठे किसानों को राहत सामग्री पहुंचाने के लिए समाजवादी पार्टी जनपद इटावा के यशस्वी जिला अध्यक्ष माननीय गोपाल यादव द्वारा राहत सामग्री से लदी डीसीएम को हरी झंडी दिखाकर दिल्ली बॉर्डर के लिए रवाना किया इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष ने कहा समाजवादी पार्टी किसानों किसानों की लड़ाई को लड़ने के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष को तैयार है और बराबर धरना प्रदर्शन किए जा रहे हैं जब तक कृषि बिल को सरकार वापस नहीं मिली लेती है तब तक समाजवादी पार्टी चुप नहीं बैठेगी इस मौके पर इटावा से पूर्व प्रत्याशी कुलदीप गुप्ता पूर्व प्रत्याशी विधानसभा राजवीर सिंह राजपूत ,पदम तिवारी, शिवम पाल जिलाध्यक्ष युवजन सभा, सीता राम कश्यप, ऋषि यादव सहित तमाम पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे



## समस्याओं का समाधान ना होने पर कलेक्ट्रेट में ताले डालने का एलान

एटा आज दिनांक 17 दिसंबर 2020 को एटा कचहरी स्थित धरना स्थल पर दिल्ली में चल रहे आंदोलन के समर्थन सहित लंबित समस्याओं के निदान की मांग को लेकर पिछले 8 दिन रात से चल रहे धरने मैं हजारों किसानों ने सहभागिता की पूर्व से ही आज के विशाल प्रदर्शन की घोषणा की गई थी जिसको लेकर शासन प्रशासन में हड़कंप मच गया और सुबह 9~00 बजे से ही एटा कचहरी को प्रशासन ने छावनी के रूप में तब्दील कर दिया था कई सीओ सहित कई पुलिस स्पेक्टर की ड्यूटी लगाई गई थी भारी मात्रा में दरोगा और सिपाही भी मौजूद रहे किसानों ने पूर्व घोषणा के अनुसार हजारों की संख्या में उपस्थिति दर्ज करा कर सफलतम किसान महापंचायत का आयोजन किया और अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए बताया उत्तर प्रदेश के किसान किसी भी रूप में किसी से कमजोर नहीं है और हम हर हाल में अपनी लड़ाई को लड़ना जानते हैं तमाम वक्ताओं के द्वारा अपने भाषणों में भारत सरकार द्वारा लाए गए काले कानूनों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जन समस्याओं के समाधान न कराए जाने की वजह से अपने आक्रोश को व्यक्त किया और यह तय किया कि जब तक सार्वजनिक रूप से समस्याओं का समाधान नहीं होगा यह आंदोलन खत्म होने वाला नहीं है अब हम प्रतिदिन रात्रि धरने के लिए लोगों की संख्या को बढ़ाने का काम करेंगे आज सैकड़ों लोग रात्रि धरने में रुकने का काम करेंगे किसानों ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक सरकार और प्रशासन हमारी मांगों का समाधान नहीं करेगा हम निरंतर यूं ही मैदान में डटे रहेंगे और अपने पदाधिकारियों के साथ बैठकर समय-समय पर रणनीति को चेंज करते रहेंगे अति शीघ्र समस्याओं का समाधान न होने की स्थिति पर एटा कलेक्ट्रेट पर ताले डालने का काम करेंगे इसके लिए कहीं ना कहीं शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा इसलिए पूरे प्रशासन को चेतावनी दी जाती है अतिशीघ्र समस्याओं का समाधान कराने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों सहित शासन से वार्ता कर किसानों की वाजिब मांगों को मनवाने का काम करें उपरोक्त महा पंचायत में जिला प्रशासन की तरफ से उप जिलाधिकारी सदर एवं क्षेत्राधिकारी सिटी, सदर, सकीट आदि पुलिस बल के साथ पहुंचे लगभग 1 घंटे तक किसानों को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन किसान अपनी मांगों के समाधान ना होने तक अड़े रहने का ऐलान किए उसके बाद रात्रि भोजन कार्यक्रम में सभी साथी जुटे **इस अवसर पर प्रमुख रूप से :** अखिल संघर्षी राष्ट्रीय अध्यक्ष, तेज सिंह वर्मा - सुरेंद्र शास्त्री राष्ट्रीय महासचिव संजीव प्रधान राष्ट्रीय संयोजक, रामकिशन यादव प्रदेश अध्यक्ष, इंजीनियर अनुराग सिंह युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष, बब्लेश यादव युवा प्रदेश अध्यक्ष, दिनेश चंद्रा युवा राष्ट्रीय महासचिव, सुनील प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष, अनिल सोलंकी राष्ट्रीय प्रवक्ता, ओमप्रकाश यादव, हाकम सिंह, बबलू नगर, देवराज सिंह जिलाध्यक्ष कासगंज, राघवेंद्र सिंह एडवोकेट हाथरस, गंगा साय लोधी, डॉ योगेश यादव, अरविंद शाक्य, दौजी राम कुशवाह, चोव सिंह बघेल एडवोकेट, ज्ञान सिंह बघेल एडवोकेट, अवधेश कुमार, राजू सोलंकी, नीटू भाई, आशुतोष, शमशीदा, स्यामा वेगम, सुनीता देवी सविता, लाडो देवी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।



VISION 2030

ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती

जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।

आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।

किराना का सामान सबसे सस्ता।

HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।

केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।

टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।

ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।

Only WHATSAPP 9425823988

call-9691937250/- 9516003221



दैनिक पुष्पांजली टुडे



शुजालपुर के कृषि उपज मण्डी प्रांगण में किसान सम्मेलन का आयोजन

# आपदा के समय प्रदेश की सरकार ने किसानों को अकेला महसूस नहीं होने दिया: परमार

**शाजापुर**

प्राकृतिक आपदा के समय प्रदेश सरकार किसानों का सहारा बन कर सामने आई और किसानों को अकेला महसूस नहीं होने दिया। यह बात प्रदेश के स्कूल शिक्षा स्वतंत्र प्रभार एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदरसिंह परमार ने शुक्रवार को शुजालपुर के कृषि उपज मण्डी प्रांगण में किसान सम्मेलन में संबोधित करते हुए कही। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने रायसेन में आयोजित किसान सम्मेलन में प्रदेश के 5 लाख 50 हजार किसानों को खरीफ वर्ष 2020 में हुई फसल क्षति के लिए 1600 करोड़ रुपए की राहत राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण की। इस आयोजन का सीधा प्रसारण जिले के शुजालपुर में कृषि उपज मण्डी परिसर में किसान सम्मेलन के दौरान किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यमंत्री परमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर राज्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में खरीफ 2020 में सोयाबीन एवं अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ था, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी। किसानों को संबल देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने प्राकृतिक आपदा से पीड़ित किसानों को राहत राशि वितरित की है। शाजापुर जिले में 2 लाख 6 हजार 820 किसानों को राहत राशि प्रदान की जाना है जिसकी प्रथम किश्त के रूप में आज किसानों को 74 करोड़ लाख रुपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदान की गई है। राज्य मंत्री परमार ने कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों की हितैषी है। उन्होने बताया कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जिसमें किसानों को 6 हजार रुपए प्रदान किए जाते हैं। इसके साथ-साथ प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना बनाकर 4 हजार रुपए की राशि भी प्रदान कर रही है, जिसकी प्रथम किश्त 2000 रुपए विगत दिनों किसानों को प्रदान कर दी गई है। किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए आजादी के बाद से ही कृषि क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। केन्द्र की सरकार ने इसके लिए बड़ा कदम उठाते हुए कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए & नए कानून बनाए हैं। इन कानूनों से किसानों के हितों की रक्षा होगी और किसान अपनी उपज को मनमाफिक दाम पर कहीं पर भी बेंच सकता है। किसान इस कानून के संबंध में फैलाए जा रहे भ्रम के झांसे में न आएं। इस मौके पर उन्होने कांट्रेक्ट फार्मिंग के लाभ के बारे में विस्तार से बताया। इसी तरह उन्होने बताया कि नए कानून के तहत कृषि उपज के भण्डार की लिमिट भी हटा दी गई है, जिससे अब कितनी भी मात्रा में कृषि उपज का भण्डारण किया जा सकता है। उन्होने कहा कि कृषि उपज मण्डी बंद नहीं होगी एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी रहेगा।






### केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेसी आज उपवास रखकर देंगे धरना

**शाजापुर।** कांग्रेस द्वारा आज शनिवार को विरोध दिवस मनाया जाएगा और इस दिन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी उपवास रखेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष योगेंद्रसिंह बना ने बताया कि एक माह में घरेलू गैस सिलेंडर पर 100 रुपए की बढ़ोत्तरी और डीजल पेट्रोल पर लगातार कीमतों में वृद्धि से आम नागरिकों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। रोजमर्रा के काम में आने वाली चीजों के बढ़ते दामों के विरोध और लाखों किसानों की मांग को केंद्र सरकार द्वारा अनसुना किए जाने के विरोध में 19 दिसंबर को विरोध दिवस मनाया जाएगा। इस दिन सभी कांग्रेसी उपवास रखेंगे और जिला तथा ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

### सरकार समर्थन मूल्य की गारंटी दे रही है

इसलिए नया कानून किसानों के लिए फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि सरकार समर्थन मूल्य की गारंटी दे रही है कि समर्थन मूल्य जारी रहेगा। इसके उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए उद्बोधन का सीधा प्रसारण किया गया जिसे कार्यक्रम स्थल पर मौजूद किसानों ने सुना। समारोह के अंत में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा फसल बीमा दावा राशि खरीफ 2019 के वितरण के प्रमाण-पत्र किसान ओमप्रकाश परमार, शिवनारायण, देवप्रकाश धाकड़, राधाकिशन एवं प्रेमनारायण को प्रदान किए गए। इसी तरह कृषि विभाग द्वारा चंदरसिंह, अशोक, धनसिंह, कैलाश नारायण, घीसीलाल, नरेन्द्र परमार, मसरफ खां, गोवर्धन परमार, नंदकिशोर, बंशीलाल को कृषि संयंत्रों के वितरण के प्रमाण-पत्र दिए गए। पशुपालन के लिए कार्यशील पूंजी साख सीमा के रूप मे भीमपुरा समिति के कमलसिंह, मनमोहनसिंह, रामबिहारी, विक्रमसिंह, गोपालसिंह, उंडई समिति के कमलसिंह एवं बजारी समिति के हरीसिंह को राशि वितरण के चेक दिए गए। इसी तरह रायसिंह, बदनसिंह, रघुवीर, अशोक, धनराज, मीराबाई, धर्मेन्द्र सेनी को भू अधिकार ऋण पुस्तिका प्रदान की गई। इस दौरान कलेक्टर दिनेश जैन, अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश कस्बे सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## जेंडर सेंसिटिव के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता: डीजी

**शाजापुर**

महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश के अभियोजन अधिकारी को महिला अपराधों में सशक्त पैरवी करने हेतु लोक अभियोजन संचालक लोक अभियोजन विजय यादव के मार्गदर्शन में 15 से 18 दिसंबर 2020 तक ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वेबिनार के दौरान संचालक द्वारा वूमन सेफ्टी एवं क्राइम एगेंस्ट वूमन को बहुत महत्वपूर्ण विषय बताया गया। साथ ही उन्होने कहा कि पुलिस, अभियोजन और यूडसरी को जेण्डर सेंसिटिव के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है।

अभियोजन विभाग पुलिस एवं न्यायालय के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। अतः अभियोजन को वूमन सेफ्टी के मामलों में प्रो एक्टिव रोल अदा करना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि यादव द्वारा मध्य प्रदेश में अभियोजित किए जा रहे महिलाओं के विरू आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा समय-समय पर की जाकर उचित दिशा-निर्देश अधिकारियों को जारी किए जा रहे हैं। साथ ही संचालनालय स्तर पर प्रकरणों में आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर करने हेतु फारेन्सिक, पुलिस आदि विभागों से पत्राचार भी किया जा रहा है जिससे प्रकरणों का निराकरण समय पर हो सके। एडीओपी एवं जिला मीडिया प्रभारी शाजापुर सचिन रायकवार ने बताया कि अपराधों की पैरवी को लेकर आयोजित वेबिनार में संयुक्त संचालक एलएस कदम, सहायक संचालक शैलेन्द्र शर्मा द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। वेबिनार में महिला सुरक्षा के आपराधिक मामलों में संबंधित फारेंसिक एविडेंस इन सेक्सुअल ऑफिंसेस, डिटरमिनेशन ऑफ एज ऑफ विक्टिम, महिलाओं के विरूद्ध साइबर क्राईम, एक्जामिनेशन ऑफ विटनिस एण्ड सपोर्ट फॉर विक्टिम इन सेक्सुअल ऑफिंसेस, पीटा एक्ट के प्रावधान एवं विवेचना, पॉक्सो एक्ट के मामलों में अभियोजन, विक्टिम कम्पनसेसन स्कीम के प्रावधान और महिला संबंधी अपराधों में अपनाई जाने वाली न्यायालयीन प्रक्रिया एवं प्रॉस्क्यूटर की भूमिका आदि विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्याताओं के रूप में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सामाजिक कार्यकर्ता, अभियोजन विभाग के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा व्याख्यान दिया गया।

## न्यूज. ब्रीफ



### ठंड में ठिठुरते लोगों की मदद के लिए सेवा अभियान रविवार से

**उज्जैन।** स्वर्णिम भारत मंच निराश्रित बेसहारा लोगों की हर तरह से मदद करने के लिए कई वर्षों से सेवा कार्य कर रहा है। स्वर्णिम भारत मंच ठण्ड में खुले आसमान में सोने वाले लोगों को ऊनी व पहनने के कपड़े वितरण करने का सेवा अभियान की शुरूआत रविवार से करेगा। दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस अभियान में कई सामाजिक लोगो को जोड़ा गया है। ऐसे जरूरत मन्द जो सड़क पर जीवन यापन कर रहे या बेहद गरीब परिवार जिनकी स्थिति ठीक नहीं है उन्हें पुराने कपडे व ऊनी कपडे वितरित किये जायेंगे। स्वर्णिम भारत मंच ने अपील की है कि यदि किसी को पुराने कपड़े दान करना हो तो वह स्वर्णिम भारत मंच की भोजनशाला बीमा परिसर गाड़ी अड्डा आगर रोड पर जाकर जमा करा सकते है।

### नापतौल विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान जारी, 5 संस्थाओं के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध

**उज्जैन।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश अनुसार नापतौल विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान निरन्तर चलाया जा रहा है। इसमें पांच संस्थाओं के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। इनमें किशनपुरा मक्सी रोड स्थित उज्जैन गैस एजेन्सी पर आवश्यक तौल उपकरण नही पाये जाने, 96 आर्य समाज मार्ग स्थित क्षिप्रा गैस एजेन्सी पर आवश्यक तौल उपकरण नही पाये जाने, 16 कालिदास मार्ग एमपीईबी के समीप फ्रीगंज स्थित मेसर्स गैस सेन्टर (भारत गैस) पर आवश्यक तौल उपकरण नहीं पाये जाने तथा एलपीजी घरेलु गैस घोषित मात्रा 14.2 किलो से 2 किलो कम पाई जाने और नागझिरी औद्योगिक क्षेत्र स्थित बेस्ट गोल्डन बेकरी पर 10 किलो बाट पुनः सत्यापन, मुद्रांकन नहीं पाये जाने, पैकर पंजीयन नही कराये जाने और सत्यापन प्रमाण-पत्र उपलब्ध नही पाये जाने पर विधिक माप विज्ञान अधिनियम-2009 की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किये गये है।

### किसानों को भाव न मिलने पर महंगी पड़ रही मटरफली तुड़वाना, बढ़ी परेशानी

**खाचरौद/घिनौदा।** इस बार किसानो की समस्या थमने का नाम ही नही ले रही है छोटे-बड़े किसानो यही आस लगाए बैठे थे कि सोयाबीन की फसल मे जो नुकसानी की भरपाई मटर की फसल से हो जाएगी पर ऐसा नही, क्योंकि किसानो जिस उम्मीद से मटर की फसल बोई थी उस उम्मीद पर पानी फिरता दिख रहा है। घिनौदा के किसान अशोक निचकनिया व छोटा चिरोला के किसान बबूला जी पाटीदार ने बताया की मटर के कम भाव के कारण हमारी जो लागत है वह भी नहीं निकल रही है। अगर हम मजदूर दुवारा तुड़वाते है तो उनकी मजदूरी देना मुश्किल है। इसके बजाय मंडी के व्यापारीयों दुवारा मटरफली के दाम 9 से 10 रुपय प्रति किलो मिल रहे है। ऐसे मे किसानो को तोड़ाई भी निकलना मुश्किल हो चला है। पाटीदार ने बताया की मंडी मे शुरूआत से ही भाव निचे जाता रहा है, लेकिन व्यापारियों दुवारा दो दिन पूर्व 2 रुपय किलो मे मटर खरीदी गई बाहर की मंडियों मे 20 से 22 किलो भाव मिल रहे है। बता दे की खाचरोद की मटर अपनी मिठास से जानी जाती है, लेकिन क्षेत्र के अनदाताओ को इससे खासी आमदनी नही हो रही है।

### महिला ने पिया कीटनाशक

**उज्जैन।** मोहनपुरा में रहने वाली 30 वर्षीय महिला ने पति से प्रताड़ित होकर कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। जेठ जेठानी ने उसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि माया पति सुनील परमार 30 वर्ष निवासी मोहनपुरा का वर्ष 2006 में सुनील परमार से विवाह हुआ था। विवाह के बाद मायाबाई के तीन बच्चे हैं लेकिन पति शराब पीने का आदी है और कोई काम धंधा भी नहीं करता। मायाबाई ने गुरूवार को कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया जिसे गंभीर हालत में जेठ इंदर और जेठानी रामन्याबाई ने जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। तहसीलदार व पुलिस ने मायाबाई के बयान दर्ज किये जिसमें महिला ने कहा कि पति द्वारा रुपयों की मांग करते हुए आये दिन मारपीट की जाती है जिससे परेशान होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाया। पुलिस ने सुनील परमार के खिलाफ धारा 498ए के तहत प्रकरण दर्ज किया।

### सैर सपाटा का आयोजन कल

**उज्जैन।** प्रतिवर्ष अंकपात-गायत्री शक्तिपीट से खाकचौक-विष्णु सागर तक होने वाले सैर सपाटा का आयोजन इस वर्ष कोरोना को देखते हुए कुछ अलग ही रूप में रविवार से आरंभ होने जा रहा है। सभापति सोनू गहलोत ने बताया कि, यह आयोजन 20 दिसंबर से प्रति रविवार सुबह 6:00 से 9:00 बजे तक होगा। स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं ऊर्जा बजट को ध्यान में रखकर नगरवासियों को अपने दैनिक जीवन में साइकिल का उपयोग करने का आग्रह सैर सपाटा में किया जाएगा, ताकि आने वाले समय मे उज्जैन को स्मार्ट सिटी बना सके। सोसाइटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के सचिव उत्कर्ष सिंह ने बताया कि इस दौरान साइकिल आधारित विभिन्न खेल-स्पर्धाएं कराई जाएगी। साथ ही कार्यक्रम में आने वालों के हस्ताक्षर भी करवाए जाएंगे।

## भय्यू महाराज का सेवादार बोला, मुझे नहीं पता आत्महत्या की वजह

**इंदौर।** भय्यू महाराज आत्महत्या केस में शुक्रवार को सेवादार रहे मनमीत सिंह के बयान हुए। उसने प्रतिपरीक्षण में स्वीकारा कि उसे नहीं पता कि महाराज ने क्यों और किसकी वजह से आत्महत्या की है। वह महाराज के साथ 20-25 बार यात्रा पर गया था, लेकिन महाराज ने कभी किसी परेशानी के बारे में उसे नहीं बताया था। आत्महत्या के एक दिन पहले भी महाराज ने मोबाइल पर बात की थी। प्रतिपरीक्षण अधूरा रहा जो अब 22 दिसंबर को होगा। 21 दिसंबर को कोर्ट ने महाराज की पत्नी आयुषी को बयान के लिए बुलाया है। महाराज ने 12 जून को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप में पुलिस ने महाराज के ही सेवादार रहे शरद देशमुख, विनायक दुधाले और पलक पुराणिक को गिरफ्तार किया है।

## फिट इंडिया अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय योग प्रशिक्षण संपन्न, खिलाड़ियों ने किया मलखंब का प्रदर्शन

**भोपाल**



संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत शाजापुर में दिनांक 10 दिसंबर से आयोजित निःशुल्क योग शिविर का शुक्रवार दोपहर को समापन हुआ। समापन मौके पर अतिथि के रूप में जिला क्रिड़ाधिकारी धरमसिंह बर्मा, उपसंचालक खेल और युवा कलयाण विभाग शर्मिला डावर आदि मंचासीन रहे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वर्मा ने कहा कि फिटनेस का डोज, आधा घण्टा रोज के तहत सभी खिलाड़ियों द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं वो सराहनीय है। डावर ने अपने जीवन काल में योगासन का महत्व बताते हुए कहा जब वे फिजिकल कॉलेज देवीअहिल्या विवि विद्यालय में अध्ययनरत थी, तब रोप मलखंब का अभ्यास कर विश्व प्रख्यात योग केन्द्र केवल्याधाम में रोप मलखंब का प्रदर्शन किया था। उल्लेखनीय है कि फिट इण्डिया मूवमेंट के तहत खेल विभाग द्वारा जिला मुख्यालय पर निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सात दिनों तक प्रतिदिन सुबह 7.00 बजे से 9 बजे तक एवं शाम को 5 बजे से 7 बजे तक किया गया। वहीं विकासखण्ड स्तर पर कालापीपल, शुजालपुर, मोमन बड़ोदिया में युवा समन्वयकों के माध्यम से प्रभातफेरी, साईकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों के समक्ष खिलाड़ियों ने मलखंब एवं योगा जिम्नास्टिक का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर योगेश मालवीय, लोकेश नायक, गौरव बर्मा, उमेश देथलिया, सतीश गवली, सचिन गवली, गणेश कौशिक, कमलेश करवा, जितेन्द्र शर्मा सहित खिलाड़ी मौजूद थे।

## अनियमितता पाए जाने पर मेडिकल एजेंसी का लायसेंस निलंबित

**इन्दौर।** कलेक्टर मनीष सिंह के निर्देशन में इंदौर जिले में जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनजर लगातार खाद्य पदार्थ एवं औषधि विक्रेताओं की जाँच पड़ताल जारी है। कलेक्टर के निर्देश और एडीएम अभय बेड़ेकर के मार्गदर्शन में औषधि निरीक्षक इन्दौर के द्वारा जिले में विभिन्न क्षेत्रों में मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच की गई। विभिन्न मेडिकल स्टोर्स से उनके द्वारा क्रय-विक्रय की जाने वाली औषधियों के क्रय-विक्रय दस्तावेज जांचे गए। क्रय-विक्रय दस्तावेज प्रस्तुत न किये जाने की दशा में एवं अन्य अनियमितता पाए जाने पर मेसर्स पाटीदार मेडिकल एजेंसी महू पर औषधी एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए फर्म को स्वीकृत औषधी विक्रय लायसेंस निलंबित कर दिया गया है।

## गैस सिलेंडर और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों का विरोध प्रदर्शन आज

**भोपाल**

विगत एक माह में एलपीजी सिलेंडरों पर 100 रुपए की वृद्धि एवं डीजल, पेट्रोल के मूल्यों पर लगातार हो रही वृद्धि से आमजन को कमरतोड़ महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। कोरोना कल में त्रस्त जनता इस महंगाई के कारण दोहरी मार सहन कर रही है। केन्द्र सरकार हो या प्रदेश की राज्य सरकार दोनों ही आमजन को महंगाई से राहत देने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रहे हैं जिसके कारण जनता का शासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है वही नवीन कृषि बिल में किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में लाखों किसान दिल्ली की सड़कों पर धरना दे रहे हैं, लेकिन अहंकारी केन्द्र की सरकार किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। इन्हीं सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह गुर्जर के नेतृत्व में विशाल धरना प्रदर्शन शनिवार प्रातः 11.30 बजे कांग्रेस कमेटी द्वारा कन्या शाला चौराहे पर किया जाएगा एवं राज्यपाल महोदय के नाम ज्ञापन प्रेषित कर महंगाई को वापस लेने की मांग की जाएगी। यह जानकारी देते हुए धरने को सफल बनाने की अपील जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुबोध स्वामी, पीसीसी सदस्य अनोखीलाल सोलंकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष राधे जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विरेन्द्रसिंह गुर्जर, बाबुलाल गुर्जर, सरनामसिंह चैहान, हरहंगी तिवारी, नरेन्द्र रघुवंशी, अनिल चौहान, स्वदेश क्षत्रिय, अभिषेक ठाकुर, जीतु ठाकुर, राजेन्द्र गुर्जर, सुनील गुर्जर, मंगेश यादव, रितेश प्रजापत आदि ने की है।

## कलेक्टर ने सचिव को किया निलंबित

**भोपाल**

उज्जैन जिला कलेक्टर द्वारा प्रति बुधवार को ग्रामीण क्षेत्रो में आमजन की सुविधा के लिए किसी न किसी ग्राम पंचायत में जाकर गांव चौपाल लगाते हैं जिसके चलते बुधवार को उन्हेल क्षेत्र के ग्राम पंचायत नवादा में कलेक्टर आशीष सिंह ग्राम चौपाल को संबोधित करने व वहां की जन समस्या को जानने पहुंचे। ग्राम चौपाल के दौरान कलेक्टर ने किसान निर्मित संस्था एफपीओ के अंतर्गत ग्रामीणों को योजना के बारे में बताया वही उन्हेल क्षेत्र में स्व सहायता समूह को सशक्त बनाने के लिए भी ग्रामीण जनों से चर्चा की। जिसमें उन्हेंल क्षेत्र में इमली के कारोबार को देखते हुए लगभग तीन साढे 3 महीने तक इन सहायता समूह द्वारा आमजन को रोजगार मुहैया कराया जाता है। जिसकी सराहना कलेक्टर ने की।वही इन समूहों को बाकी समय में भी ग्रामीण जनों के रोजगार हेतु उपयुक्त उपाय कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की। वही ग्रामीणों व किसानों के रोजगार को लेकर बीज निर्माण एवं उनके भंडारण के उपाय को भी सुझाया जिस पर कलेक्टर ने सहमति बनाते हुए आगे की प्रक्रिया को संचालित करने का आश्वासन दिया। किसानों द्वारा उद्यानिकी फसलों के रखरखाव एवं उनके विक्रय को लेकर भी चर्चाएं की जिसमें आगामी दिनों में किसानों द्वारा बनाई गई स्वयं के संस्थानों के माध्यम से गेहूं उपार्जन के खरीदी केंद्र व अन्य फसलों को खरीदने एवं बेचने की योजनाओं को भी पारित कर जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाएगा। जनसंवाद के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्या को सुना। वही ग्राम पंचायत में सचिव के नियमित न आने व लापरवाही बरतने के चलते ग्राम पंचायत सचिव मुकेश चंद्रवंशी को तत्काल निलंबित कर दिया।

## सिवनी के वन ग्राम कोपीझोला में बाघ के हमले से महिला की मौत

**भोपाल**



दक्षिण सामान्य वनमंडल के बरघाट वन परिक्षेत्र अंतर्गत वनग्राम कोपीझोला में 18 दिसंबर शुक्रवार की दोपहर लकड़ी बिनने जंगल गई एक महिला पर बाघ ने हमला कर मार डाला। हालांकि बाघ ने महिला का शव नहीं खाया। साथ गई अन्य महिलाओं के शोरगुल के बाद महिला के शव को हमलावर बाघ मौके पर छोड़कर जंगल लौट गया। सुदूर अंचल में बसा कोपीझोला गांव बरघाट प्रोजेक्ट व सामान्य वनमंडल के घने जंगल से घिरा हुआ है। बरघाट रेंजर बीएस सनोड़िया ने बताया कि मृतका की पहचान सोनवती पति मंगल सिंह भलावी (40) कोपीझोला गांव निवासी के रूप में हुई है। गांव के अन्य महिलाओं के साथ मृतका सोनवती भलावी जंगल में जलारू लकड़ी एकत्रित कर रही थी। दोपहर करीब 3 बजे कम्पाटमेंट क्रमांक 129 में झाड़ियों के बीच मौजूद बाघ ने महिला पर हमला कर दबोच लिया। अन्य महिलाओं ने शोरगुल के बाद बाघ ने महिला सोनवती को मौके पर ही छोड़ दिया, लेकिन तब तक सोनवती की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर कोपीझोला गांव में तैनात वन अमला मौके पर पहुंच गया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। 19 दिसंबर शनिवार को पीएम के बाद महिला का शव स्वजनों को सौंपा जाएगा।

**जायजा** — आयुक्त ने फील्ड में उपस्थित होकर वार्ड में किया सघन भ्रमण

# 5 स्टार रेटिंग के स्थान पर लाने के लिए शहरवासियों का योगदान जरूरी

**भोपाल**




शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में अग्रणी स्थान पर लाने के साथ ही 5 स्टार रेटिंग मे अपना स्थान दर्ज कराने हेतु नगर निगम का संपूर्ण अमला अपनी पूरी ताकत के साथ जुटा हुआ है। शहर के सभी वार्डों की बेहतर सफाई हेतु सफाई अमले के साथ वार्ड नोडल अधिकारियों को भी नियुक्त किया गया है जो सफाई मित्रो को मार्गदर्शन भी देते हुए वार्डों की सफाई व्यवस्था को किस प्रकार और अच्छे से किया जाए इसका भी ध्यान रखते है। इसी कड़ी को आगे बड़ाते हुए आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा भी सफाई अमले एवं वार्ड नोडल अधिकारीयो का उत्साहवर्धन करने हेतु स्वयं भी फील्ड में उपस्थित होकर वार्ड में सघन भ्रमण कर सफाई व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जा रही है। जहां कुछ कमी परिलक्षित होती है स्थल पर ही संबंधित को निर्देशित करते हुए कार्य शिघ्र ही करवाया जाता है। आयुक्त द्वारा सभी को निर्देशित किया गया है कि नालियों, सड़कों एवं शौचालयो की नियमित सफाई की जाएं। सड़कों पर कही भी कचरे की ढेरियां नहीं लगने पाए इसे लक्ष्य बनाकर कार्य की पूर्ती करें। इसी के साथ-साथ सर्वेक्षण को सफल बनाने हेतु शहर के नागरिको के सहयोग की भी परम आवश्यकता है। शहरवासियों के सहयोग के बगेर हम सर्वेक्षण की परीक्षा में सफल नहीं हो सकते। इसीलिए शहरवासियों का भी जनजागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से मार्गदर्शन किया जाए। वार्ड मे सफाई व्यवस्था ऐसी करवाई जावे जिससे सभी वार्डवासी संतुष्ट हो एवं जब सर्वेक्षण हेतु बाहर से दल फीडबैक के लिये आए तो शहरवासियों द्वारा सकारात्मक फीडबैक दिया जाए ताकि हमे शतप्रतिशत अंक प्राप्त हो सके।

### नागरिक प्राथमिकता से कराए अपने सेप्टिक टैंक की सफाई

प्रशासक आनन्द कुमार शर्मा द्वारा आम नागरिकों से अपिल की गई है कि जिनके द्वारा तीन वर्ष या उससे अधिक की अवधि पूर्ण होने के बाद भी अपने सेप्टिक टेंक की सफाई नहीं करवाई गई है वे निगम द्वारा निर्धारित दर मे की गई कमी का लाभ उठाते हुए प्राथमिकता से अपने सेप्टिक टेंक की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। निगम द्वारा यह दर 31 मार्च 2021 तक के लिये निर्धारित की गई है।

### पशु मालिकों के विरूद्ध निगम ने प्रारंभ की कार्यवाही

नगर निगम रिमूवल गैंग द्वारा पुलिस प्रशासन के समन्वय के साथ वार्ड क्रमांक 47 संत बालीनाथ नगर में गोविंद पिता मुकेश बैरवा द्वारा अपने पशु नगर निगम सिमा क्षेत्र से बाहर नहीं भेजे जाने पर उसके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए निगम अनुमति के बिना अवैध भवन निर्माण के साथ ही पशु वाडे को भी ढहाया जाने की कार्यवाही भवन निरीक्षक राजकुमार राठौर, गैंग प्रभारी श्री मोनू थनवार द्वारा की गई।

### शौचालयों का निरीक्षण

शहर को ओडीएफ डबल प्लस के स्थान पर बरकरार रखने हेतु नगर निगम द्वारा सभी सुलभ शौचालयों एवं सर्वाजनिक शौचालयों की मरम्मत, रंग-रोगन एवं अन्य आवश्यक कार्य पूर्ण करवाए गए है। आयुक्त द्वारा रामघाट, कार्तिक मेला ग्राउण्ड, मुल्लापुरा, शंकराचार्य चौराहा क्षेत्र में निगम द्वारा संचालित सुलभ शौचालय एवं सार्वजनिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सफाई कार्य के साथ-साथ आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## सम्पादकीय

# शीत लहर से सावधान

उत्तर भारत और राजस्थान के इलाकों में शीत लहर का प्रकोप शुरू हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तापमान पहले ही तीन डिग्री सेल्सियस तक गोता लगा चुका है और अधिकतम तापमान में गिरावट का क्रम जारी है। कश्मीर से लेकर उत्तराखंड, हिमाचल तक में बर्फ ने ज्यादातर इलाकों को जमा दिया है। जैसा कि होता आया है, पहाड़ों पर भारी बर्फबारी के चलते मैदानों में शीत लहर का कहर शुरू हो गया है। उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों में सर्दी अभी से रिकॉर्ड तोड़ने की दिशा में बढ़ चली है। खासकर, पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद से मैदानी इलाकों में सितम का आलम है। राजस्थान के माउंट आबू में घने कोहरे के बीच तापमान एक डिग्री तक पहुंच गया है। राजस्थान, मध्य प्रदेश में चल रही सर्द हवाओं ने जनजीवन और कोहरे ने यातायात को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। सतर्क हो जाना चाहिए, क्योंकि देश के कुछ इलाकों में सुबह या रात के समय 100 मीटर दूर भी साफ नहीं दिख रहा है। ताजा बर्फबारी के बाद कश्मीर के गुलमर्ग में तापमान शून्य से 12 डिग्री नीचे पहुंच गया है। कुल्लू घाटी में पारा शून्य से सात डिग्री नीचे दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विभाग ने लोगों को चेतावनी देना शुरू कर दिया है। किसी भी समय अधिकतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के नीचे जा सकता है, इसके बाद मौसम विभाग 'कोल्ड डे' घोषित कर देगा। जलवायु परिवर्तन और स्थानीय कारकों की वजह से किसी इलाके में ज्यादा, तो कहीं कम सर्दी देखने में आ सकती है। असमान व असामान्य सर्दी का भी सामना करना पड़ेगा। ऐसी सर्दी चूंकि कोरोना महामारी के दौर में पड़ रही है, अत~ लोगों को इस बार कुछ ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। विशेष रूप से स्वास्थ्य देखभाल के प्रति ज्यादा सजग होकर अनेक प्रकार की परेशानियों से बचा जा सकता है। डॉक्टरों की सलाह के अनुरूप विशेष रूप से बुजुर्गों और बीमार लोगों को रहना होगा। अस्पतालों में विशेष व्यवस्था रखने की जरूरत है। चूंकि इस बार शारीरिक दूरी बनाए रखना भी जरूरी है, इसलिए रैन बसेरों का आकार भी बढ़ाना होगा। पिछले वर्षों की तुलना में ज्यादा रैन बसेरों की जरूरत पड़ेगी। जिन शहरों में रैन बसेरों की हर साल जरूरत पड़ती है, उन्हें अपने इंतजाम को अंजाम दे देना चाहिए। आम तौर पर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के आसपास ज्यादा भीड़ देखी जाती है, इन्हीं इलाकों में ज्यादा रैन बसेरे बनाए जाते हैं, लेकिन इस बार बहुत सारे जरूरतमंद किन्हीं एक-दो इलाकों के बजाय अनेक इलाकों में बिखरे हुए होंगे। उन सभी की जरूरत को पूरी संवेदना के साथ स्थानीय शासन-प्रशासन को देखना चाहिए। गरीब आबादी अगर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के पास ज्यादा नजर नहीं आ रही है, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि अब जरूरतमंद लोग नहीं रहे। ठीक ऐसे ही अस्पतालों के आसपास भी रैन बसेरों की जरूरत पड़ती रही है, लेकिन ज्यादातर अस्पतालों में अभी भी सामान्य मरीज नहीं लिए जा रहे हैं, अनेक जगहों पर तो ओपीडी सेवा भी ढंग से शुरू नहीं हुई है। इसीलिए गांव से शहर तक स्थानीय निकायों के लिए चुनौती बहुत बढ़ गई है। गांव-गांव और गली-गली में चुने हुए प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी उठानी पड़ेगी। अगर हम यह सुनिश्चित कर सके कि इस सर्दी कोई भूखा न रहे, तो हम अनगिनत लोगों की जान बचा पाएंगे।

# 21वीं सदी की बुलबुल

हैलो शीतल बिटिया कहां हो, कब तक पहुंचोगी , कब से राह तक रहे हैं ?

बस मां दस मिनट में पहुंच जाएंगे , अभी - अभी बस से उतरे हैं बस रिक्शा किया और सीधा आप लोगों के पास । दस - पंद्रह मिनट बाद शीतल अपने मायके पहुंची जाती है , मां - पापा ,भाई - भाभी , बच्चों से सबसे मिलती है उसका बेटा सौरभ भी सबसे मिलता है ।

अरे बुलबुल दिखाई नहीं दी वो कहां है ,बाहर है क्या ??

नहीं, बुलबुल घर पर ही है, उसे नहीं लाई।

कितनी बार कहा है उसे यूं अकेला ना छोड़कर आया कर लेकिन तु है कि सुनती ही नहीं ।

अरे मां बुलबुल अकेली कहां है दादा - दादी , चाचा , बुलबुल के पापा सभी तो हैं , और छोटी बुआ भी तो शहर में ही रहती है वो भी अक्सर आ जाया करती है । और वो गौरव जो मेरी बड़ी ( जीजी ) ननद का बेटा वो तो बहुत ख्याल रखता है बुलबुल का ।

हे भगवान् ना जाने कब समझेगी ये लड़की, आज के वक्त में अपने जाए पर तो भरोसा नहीं और तु चली औरों पे भरोसा करने ।

ओफ्फो मां , अब छोड़ो भी, कुछ नाश्ता - वाश्ता कराओ भूख लगी है।

प्रेम ( शीतल की मां ) नाश्ता बना रही है और खो जाती अपने जीवन के उन दिनों में जो नासूर बन कर उसे हर पल कटोचते हैं । उसकी बुआ का लड़का ( गोविंद ) भी तो उन्हीं के घर में रहता था , बहुत भरोसा था सभी को उस पर तभी तो कहीं भी जाना हो गोविंद के साथ उसे भेज देते थे , खुद कहीं जाना है तो घर पर गोविंद के सहारे छोड़ कर निश्चिंत हो जाते थे , कहते थे गोविंद भाई है ना तेरे साथ , वो तेरा अच्छे से ध्यान रखेगा ? लेकिन कोई नहीं जानता था कि कैसा ध्यान रखता था वो घर पे अकेले होते जब, कभी उसके शरीर पर हाथ फिराता , कभी उसकी छाती को चुमता , कभी उसके गुप्तांग को हाथों से सहलाता और साथ में कहता मां को मत बताना वरना मां तुम्हें ही डांटेगी , उससे बात करते हुए गंदे- गंदे शब्दों का इस्तेमाल करता , फिर कहता ये शब्द कितने अच्छे हैं ना पर मां को मत बताना , हर बात नहीं बताया करते , और वो चुप रह जाती ।

मां आप भी आओ ना सब मिलकर नाश्ता करते हैं ।

अं ..... हां हां आई ........आई ?।

सभी नाश्ता करते हैं मिल बैठ कर लेकिन प्रेम का मन कहीं और भटक रहा है । जल्दी से सारा काम निपटा कर शीतल और प्रेम दोनों मां - बेटी आ बैठती है कमरे में , सौरभ मामा - मामी से बातें कर रहा है और शीतल मां से ।

मां कहां खो जाती हो , क्या हो जाता है आपको बुलबुल की इतनी चिंता क्यों करती हो , वो अब छोटी बच्ची नहीं है ?।

शीतल, बेटा तुम बहुत भोली है, इस तरह लड़की जात को अकेला नहीं छोड़ना चाहिए, मुझे पता है अब तुम कहेगी सब तो हैं उसके पास, मैं जानती हूं सब हैं , लेकिन तु तो नहीं ना ।

मां आप बेकार में चिंता करती हो, बुलबुल भी आप ही की तरह स्ट्रांग है , तभी तो आपके बचपन का नाम बुलबुल मैंने उसका नाम रखा ।

तुझसे कितनी बार कहा मेरे बचपन की कोई बात ना किया करो ।

क्यों मां , आप हमेशा ऐसे कह के मुझे चुप करा देते हो, आज आप को बताना होगा कि आखिर क्या ऐसा दुःख है जो आपको अन्दर ही अन्दर साल रहा है ।

प्रेम शीतल को अपने बीते कल की सारी घटनाएं बताती है ।

तुमने अपनी बेटी का नाम बुलबुल इसलिए रखा कि मुझे बचपन में बुलबुल बुलाते थे सब , तु कहती हैं ना कि मां मैं भी अपनी बेटी को इस बुलबुल जैसा स्ट्रांग बनाऊंगी ।

तो सुन ये बुलबुल बचपन में इतनी स्ट्रांग नहीं थी जितनी अब हो गई है। ज़माने ने इसे पत्थर बना दिया है ।

मेरी बुआ का लड़का हमारे ही घर रहता था , और उसके बारे में सब



कुछ बताया शीतल को कि वो प्रेम के साथ कैसे और क्या किया करता था , उसके बाद चाचा की शादी थी , उसने भी हाथ आजमाने के लिए उसे ही चुना उस पर अपने तरीके अपनाता कि वो अपनी बीवी के साथ गृहस्थ कैसे रहेगा। तब भी उसे किसी से कुछ ना बताने को मजबूर किया गया।

छोटे मामा नानी के कहने से बाहर थे उन्हें समझाने के लिए हमारे यहां पिताजी के पास भेजा गया, मामा ने भी जब - जब अकेली देखा, कभी होंठों का रस पिया तो कभी जिस्म पे हाथ फेरा।

जो भी रिश्तेदार आता हर कोई किसी ना किसी बहाने प्यार से और कोई नज़रों से बदन को छू जाता ।

हे भगवान् मां आप ने इतना सहा, विरोध क्यूं नहीं किया किसी का ?

बेटी , विरोध करना औरत के नसीब में इश्वर लिखना भूल गया था।

विरोध करती , आवाज़ उठाती भी तो किसके खिलाफ , सभी पीड़ा देने वाले अपने सगे ही तो थे , किसकी शिकायत किससे करती ।

इसलिए मुझे इस बुलबुल नाम से ही भय लगता है, जो मेरे साथ बीता वो तेरे साथ ना हो, इसलिए मैं एक पल के लिए भी कभी तुझे अकेला नहीं छोडती थी , कहीं भी जाती थी , तुझे हमेशा साथ लेकर जाती, कि कहीं ऐसा ना हो , फिर से वही पीड़ा सामने आए । इसलिए तुझे हर बार यही कहती हूं बुलबुल को अकेला मत छोड।

नहीं मां मैं बुलबुल के साथ ऐसा नहीं होने दूंगी। मैंने बुलबुल को सब समझाया हुआ है , हमारी बुलबुल गुड टच, बैड टच , अच्छा क्या , बुरा क्या , किस की हरकत किस हद तक बर्दाश्त करनी है, किसे पलट कर कैसे और कब, कहां वार करना है , ये सब जानती है , और आजकल तो स्कूलो में भी बच्चों को ऐसे विषयों पर जानकारी दी जाती है।

मां ये आज की बुलबुल है , 21 स्वीं सदी की बुलबुल, जो ना जुल्म सहेगी और ना किसी को सहने देगी।

इंट का जवाब पत्थर से देगी , वहशी दरिंदों को सबक सिखाएगी।

ये 21सवी सदी की बुलबुल है ।

**मौलिक एवं स्वरचित**

**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर)**

# कैसे हर बच्चे तक पहुंचे पोषण

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की पांचवीं रिपोर्ट का जारी पहला हिस्सा शोचनीय है, और चिंतनीय भी। इसमें कुल 22 राज्यों व केंद्रशासित क्षेत्रों के आंकड़े दर्ज हैं, जो यह बताते हैं कि देश के बच्चों में कुपोषण और मोटापा बढ़ा है।विडंबना है कि एक तरफ हम खाद्यान्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हैं और अनाज का खासा हिस्सा निर्यात करते हैं, तो दूसरी तरफ दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कुपोषित आबादी भारत में ही बसती है। 'वेस्टेड' बच्चों (लंबाई के हिसाब से कम वजन के बच्चे) के मामले में तो हम शीर्ष पर हैं। विश्व के 4.95 करोड़ बच्चों के मुकाबले भारत 2.55 करोड़ वेस्टेड बच्चों का घर है। इतना ही नहीं, यहां 50 फीसदी से अधिक महिला आबादी एनीमिया, यानी खून की कमी से भी पीड़ित है। जाहिर है, इसके कारण कम वजन वाले बच्चों का जन्म यहां आम बात है। नई रिपोर्ट इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि 2015-16 में जारी एनएफएचएस की चौथी रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि देश के बच्चों में कुपोषण कम हुआ है। मगर अब बताया गया है कि उम्र के लिहाज से कम लंबाई वाले बच्चों की हिस्सेदारी 13 राज्यों में बढ़ी है, जबकि लंबाई के हिसाब से कम वजन वाले बच्चों की हिस्सेदारी 12 राज्यों में। चौथी रिपोर्ट बता रही थी कि बीते एक दशक में प्रति साल एक फीसदी के हिसाब से स्टंटेड बच्चों (उम्र की तुलना में कम लंबाई वाले बच्चे) की संख्या कम हुई है। यह आंकड़ा वर्ष 2005 के 48 फीसदी के मुकाबले 2015 में घटकर 38.4 फीसदी रह गया था। मगर नए आंकड़ों के हिसाब से पूरे देश का अनुमान लगाएं, तो तस्वीर ज्यादा स्याह दिखेगी। अभी तो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा जैसे बड़े राज्यों के आंकड़े जारी ही नहीं किए गए हैं, जहां स्टंटिंग की समस्या कहीं गहरी रही है। यदि छोटे-छोटे राज्यों (बिहार और महाराष्ट्र को छोड़ दें तो) व केंद्रशासित क्षेत्रों में ही हालात खराब दिख रहे हैं, तो फिर बड़े राज्यों की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ



जग में नहीं होंगी बेटियाँ,
कौन बसाता यह संसार।
करके बेटी का भ्रुण हत्या,
नहीं मिलेगी बेटी को बहार।।
माँग करते कभी दहेज का,
जैसे दानव हरकत करते।
पत्नी के बलि चढ़ा करके,
सर ऊँचा करके चलते।।
जो तुम मरोगे बेटियों को,
कहाँ मिलेगा तुमको वारिश?
प्रसव वेदना लालन -पालन,
कौन करेगा बच्चे का मालिश?
सौ-सौ सत्कर्म करने से,
बेटी मिलती अमूल्य धन।
बन कर लक्ष्मी वे आती है,
करो सम्मान धरा के जन।।
न करना हत्या बेटियों की,
बहुत ज्यादा पछताओगे।
देख कर दुर्दशा बेटियों की,
जीवन भर सुख नहीं पाओगे।।
पढ़ा लिखाकर देखो बेटी को,
वे आसमान को छू सकती है।
साइना, कल्पना बनकर वे,
चाँद, तारे को गिन सकती है।।
लक्ष्मी बाई बनकर उठो बेटियाँ,
अत्याचारों का संहार करो।
मन में प्रण करके दुष्टो का,
तलवार उठाकर वार करो।।

टीप- मेरा यह रचना मौलिक, अप्रकाशित एवंअप्रसारित है।

**स्वरचित कविता**
**देबीदीन चन्द्वँशी**
**ग्राम- बेलगवाँ**
**तह. पुष्पराजगढ़**

## महाकाल आदेश



महाकाल ने कहा,
काल से परे चले जाओ न
मृत्यु अघोष करती है
तो करने दो न।
जिसका भी वर्ण करती है
तो करने दो न,
तुम्हें क्या लेना किसी से
तुम्हें क्या देना है किसी को।
अपने इष्ट की वंदना
यही तो कर्म है
इस नश्वर जीवन का,
जो नहीं करता है
उसे रहने दो न ।
जो मरता है जिस हाल में
उसको मरने दो न,
मर्यादा से हटकर
किसी को भी मर्यादा में
नहीं बांधा जाता।
मर्यादा हीन होने दो न
काल से दंडित होता है
तो तुम होने दो न।

**राजीव डोगरा विमल**
**कांगड़ा हिमाचल प्रदेश (युवा कवि लेखक)**
**(भाषा अध्यापक)**
**गवर्नमेंट हाई स्कूल,ठाकुरद्वारा।**

# अपने घर-गांव निकले हुए लोग

आज अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस है। इस मौके पर तमाम देश न सिर्फ उन चुनौतियों पर चिंतन करेंगे, जिनसे विश्व के कोने-कोने में फैले लाखों प्रवासी मुकाबिल हैं, बल्कि वे अपने यहां के प्रवासी समुदायों के योगदान को भी पूरी शिद्दत से याद करेंगे। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि दुनिया भर में 27.3 करोड़ लोग प्रवासी हैं, जिनमें से चार करोड़ वे प्रवासी हैं, जिन्होंने स्वदेश में ही प्रवासन किया है। इनमें स्वेच्छा से अपने मूल स्थान को छोड़ने वाले लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। ऐसा उन्होंने बेहतर रहन-सहन की तलाश में किया और कई ने इससे समृद्धि हासिल भी की है। हालांकि, एक चौथाई से अधिक वैश्विक प्रवासी आबादी मानव-निर्मित आपदाओं (जैसे गृह युद्ध, धार्मिक उत्पीड़न, जंग) या फिर प्राकृतिक विपदाओं के कारण विस्थापन को मजबूर हुई है। 18 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय प्रवासी दिवस के रूप में इसलिए चुना गया, क्योंकि इसी दिन 30 साल पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 'सभी प्रवासियों और उनके परिवार के सदस्यों के अधिकारों के संरक्षण को लेकर एक अंतरराष्ट्रीय समझौते' पर अपनी सहमति जताई थी। इस दिन का भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए भी खासा महत्व है, जिनकी आबादी विश्व में सबसे ज्यादा करीब 1.8 करोड़ है। 40 लाख से अधिक भारतवंशी तो सिर्फ अमेरिका में रहते हैं, जिन्होंने पिछली आधी सदी में यकीनन सबसे अधिक सफलता हासिल की है। हालांकि, यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया और ऑस्ट्रेलिया में बसने वाले भारतवंशियों ने भी अपने यहां अच्छा काम किया है, और खाड़ी के मुल्कों में रहने वाले हिन्दुस्तानी प्रवासियों ने भी भारत की आर्थिक समृद्धि में अपना योगदान दिया है (ये प्रतिवर्ष अरबों डॉलर की रकम स्वदेश भेजते हैं)। फिर भी, पिछले ढाई दशक में भारतवंशी अमेरिकियों ने जो मुकाम हासिल किया है, वह सभी मुल्कों में सबसे अलहदा है। भारतीय समाज स्वास्थ्य सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी, आतिथ्य-सत्कार उद्योग सहित हरेक क्षेत्र में यहां अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहा है।

आलम यह है कि भारतवंशी डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा में खासा दखल रखने लगे हैं। ट्रेड ग्रुप एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ऑरिजिन के मुताबिक, अमेरिका में 80,000 भारतीय-अमेरिकी चिकित्सक अपनी सेवा दे रहे हैं, जो लगभग 30 प्रतिशत अमेरिकी रोगियों की देखभाल करते हैं। इसी तरह, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मौजूदा चार सबसे बड़ी सार्वजनिक अमेरिकी कंपनियों में से दो का नेतृत्व भारतवंशियों के हाथों में है। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचई हैं, तो माइक्रोसॉफ्ट के सत्या नडेला। अमेरिका के आतिथ्य-सत्कार उद्योग में भी भारतवंशियों, खासकर गुजरातियों का काफी बोलबाला है, और यहां के करीब आधे होटलों के मालिक वही हैं। भारतवंशी होटल व्यवसायियों की सफलता विशेष मायने रखती है, क्योंकि उन्होंने यह मुकाम बड़ी चुनौतियों और भेदभावपूर्ण माहौल को सफलतापूर्वक पार करके हासिल किया है। भारतीय मूल के अमेरिकियों की आर्थिक सफलता का असर राजनीति में भी दिखने लगा है। इस समय कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के चार सदस्य भारतवंशी हैं, और विभिन्न राज्यों के निकायों में निर्वाचित भारतवंशियों की संख्या भी एक दर्जन से अधिक है। अगले महीने की 20 तारीख को जब कमला हैरिस उप-राष्ट्रपति पद का शपथ लेंगी, तब वह इस समुदाय को एक नए जोश और गर्व से भर देगा। हालांकि, सच यह भी है कि हर प्रवासी अपने प्रवासन में सफल नहीं हो पाता। इसका एक बड़ा सुबूत खुद भारतवंशी अमेरिकी हैं। उन्होंने भले ही यहां खासी उपलब्धि दर्ज की है, लेकिन लाखों भारतवंशी बदहाली में भी जीवन बसर कर रहे हैं, जिनकी तुलनात्मक रूप से कम चर्चा होती है। प्यू रिसर्च की 2014 में जारी एक रिपोर्ट कहती है कि लगभग 4.5 लाख भारतीय नागरिक अमेरिका में बिना किसी दस्तावेज के, यानी गैर-कानूनी रूप से रहते हैं। पिछले छह वर्षों में यह संख्या और बढ़ी ही होगी। इसका मतलब यह है कि अमेरिका में रहने वाला हर आठवां भारतीय गैर-कानूनी रूप से रह रहा है। सिर्फ मेक्सिको, अल साल्वाडोर और ग्वाटेमाला में उनके अपने नागरिक बतौर गैर-कानूनी ज्यादा रहते हैं। अनधिकृत रूप से अमेरिका में रहने वाले प्रवासियों में भारतीय नागरिकों की संख्या चार फीसदी है, जो ठीक-ठाक आंकड़ा है, क्योंकि अमेरिकी आबादी में भारतवंशियों की आधिकारिक हिस्सेदारी महज एक प्रतिशत है। जाहिर है, हम इस पर गर्व करना नहीं चाहेंगे।

## अजनबी चांद...



इक़ अजनबी चांद जमीं पर उतर आई है ।
खामोश रातों में मदहोश दिल में समाई है ।।
इक़ अजनबी चांद.....।

खामोश रातों में.....।।
बेताब है वह अपनी चांदनी बिखरने के लिए ,
खामोश रात मदहोश जज़्बात देख शरमाई है ।

खामोश रातों में.....।
इक़ अजनबी चांद.....।।
इस कदर ना शरमाओ जाने अनजाने मेहताब ,
तेरी चांदनी ए रोशनी से दिल में बहार आई है ।
खामोश रातों में.....।
इक़ अजनबी चांद.....।।
तुम्हारी काली घटा जुल्फों की कसम चांदनी ,
इन्हीं जुल्फों में कैद होने की कसम खाई है ।
खामोश रातों में.....।
इक़ अजनबी चांद.....।।
तुझसे ही मेरी जिंदगी रोशन तू ही मेरी चांदनी ,
फिर क्यों चेहरे पर खामोशी शाम ए तन्हाई है ।
खामोश रातों में.....।
इक़ अजनबी चांद.....।।
मेरी दुनिया की ताज और परवाने की शमां हो ,
ना जाने क्यों अपने आप से खफा रुसवाई है ।
एक अजनबी चांद जमीं पर उतर आई है ।
खामोश रातों में मदहोश दिल में समाई है ।।

**मनोज शाह मानस**
**नई दिल्ली**

## मुस्कुरा कर जवाब देते हैं

शाम देते हैं ,सुबह देते हैं
जाने क्यों बेहिसाब देते हैं,
मुश्किलों से घिरे सवालों का



मुस्कुरा कर जवाब देते हैं!
नख से शिख तक मानों
जड़े हों अंग अंग में नग
बिना जलाए दीपक के भी,
रहता है घर उसका जगमग।
तुम बहुत खूबसूरत हो
लगती अजंता की मूरत हो
तुम मानों या न मानों पर
सच में तुम मेरी जरूरत हो!

लोग कहते हैं चांद को हसीं
लगता है नादान हैं वे सभी
भूल जाएगा चांद को देखना
जो देख लेगा तुमको कभी
लेकर चलती हूँ तुम्हें
गुजरे सुनहरे पलो में
साथ-साथ हम घूमा करते
सुन्दर गगन के तले!
कभी नदी की तलहटी में
झांका करती अपनी परछाई
कभी लहरों संग डोला करती
लेती लहरों संग अंगडाई!
कभी खेलते सोंधी मिट्टी में
लगा लेते कभी फिर चंदन
कभी फूलों को मुरझाया देखा
रंगत समाई जिसकी प्रति अंग!
बीत गये अब वो क्षण सुहावने
लगते थे जो हमें बड़े लुभावने
हृदय में यादों की बारात से,
गूँज रहे सुर वो मनभावने!
बीती यादों का उमडा है सैलाब
जीवन का होने वाला है बिखराव
झकझोर रहीं हैं मन को यादें
धूम मचाती कितनी बातें!

**प्रियंका द्विवेदी**
**मंझनपुर कौशाम्बी**

# हम भी है राहों में

हमें अक्सर कुछ ऐसे लोग दिख जाते है जो बहुत ही दयनीय अवस्था मे होते है। ऐसे लोग सड़क के किनारे, डिवाइडर पर बैठे हुये और इधर-उधर घूमते हुये दिखाई पड़ते है। ये फटे-पुराने कपड़े व चिथड़े लपेटे हुये होते है। कभी ये अर्ध या कभी पूर्णरूप से नग्नावस्था मे भी घूमते-फिरते दिखायी पड़ जाते है। कौन है ये लोग? क्या इनका भी कोई अपना है इस दुनिया मे क्या ये लोग हमेशा से ही ऐसे थे क्या ऐसे प्रश्न आपके जहन मे आये कभी? क्या इन्हे देखकर इनके लिये हमें कुछ करना चाहिए? वास्तव मे, ऐसे लोग मानसिक रूप से विक्षिप्त होता है। इन्हे न तो अपना होश होता है और न ही इस दुनिया का। यहां तक ये अपना नाम और पहचान भी भूल चुके होते है। न ही इनका कोई घर होता है और न ही ठिकाना। ये अवारा यायावर बनकर अनन्त अंधकार की ओर बस चला करते है। इन्हे जाड़ा,गर्मी,बरसात से कोई फ़र्क नही पड़ता। चाहे पतझड़ हो या बसंत बहार किन्तु इनके जीवन मे सिर्फ होता है असीम अन्धकार। आखिर इनकी हालत ऐसी कैसे हो गयी इनके घरवालों इन्हे घर ले जाकर इनकी देखभाल क्यो नही करते। इन बातों पर विचार अति आवश्यक हो जाता है। कुछ लोगों को छोड़कर बाकी सभी लोग जन्म से ही मानसिक रूप से विक्षिप्त नही होते। जीवन मे काम के दबाव, उलझनों और परेशानियों के बीच, कुण्ठा व असफलता या किसी असहनीय दुर्घटना के कारण कुछ लोग अपना मानसिक संतुलन खो बैठते है। कुछ लोगों के घरवालों को स्थिति का अंदाजा हो जाता है तो वो इनका विशेष ध्यान रखते है। मानसिक चिकित्सक से सलाह लेकर इलाज भी कराते है। बहुत से लोग ठीक भी हो जाते है। यदि इलाज के दौरान या



मानसिक असन्तुल के समय तनिक सी भी लापरवाही होती है तो ये लोग घर से निकल जाते है और दुनिया की भीड़ मे खो जाते है। इसमे वो लोग भी शामिल होते है जो घर से दूर अकेले रहते है और मानसिक संतुलन बिगड़ने पर सड़को पर भटकना चालू कर देते है। समय के साथ इनकी पहचान मिट सी जाती है। ये खुद अपनी पहचान बताने के लायक नही रहते और इन्हे देखकर कोई पहचान भी नही सकता। ये गर्मियों मे दर्जनों कपड़े शरीर पर लपेट लेते है तो कभी जाड़ो मे खुले बदन घूमते है। बाल बड़े और धूल मिट्टी मे सने हुये होते है। भूख प्यास और मौसम की मार से शरीर जीर्ण-शीर्ण हो चुका होता है। समय की चादर इनकी पहचान को ढ़कती चली जाती है। कभी -कभी ये अपनो से सैकड़ों मील की दूरी पर निकल जाते है। इस हालत मे इनकी पहचान करना असंभव हो जाता है। हम इन्सान है और मानवीय मूल्यों यथा दया,परोपकार,संवेदना और परवाह का हमारे हृदय मे होना लाजमी है। जब हम इन मानसिक विक्षिप्त लोगो को देखते है तो हमारी आत्मा से आवाज आती है कि हमे इन लोगों के लिये कुछ तो जरूर करना चाहिये। अब विचार यह करना है कि हम इनके लिये क्या कर सकते है। अभी कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मे मैने देखा कि पीसीएस रैंक के एक अधिकारी को अपनी ड्यूटी के दौरान एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति दिखायी पड़ा। वह उसकी सहायता हेतु उसके पास गये फिर बातचीत के दौरान उन्हे यह ज्ञात हुआ कि यह तो उनका बैच मैट है। उसे वह इलाज हेतु अपने साथ ले गये। इसी तरह के वीडियो मे एक महिला स्टेशन पर दयनीय स्थिति मे दिखी तो कुछ लोगो ने जब उससे बात की तो वह अंग्रेजी मे धाराप्रवाह बात करने लगी। सभी अचंभित रह गये। उसने बताया कि वह बैंक मे प्रबन्धक पद पर कार्यरत थी। यह सब आश्चर्यजनक लगता है किन्तु सत्य है कि इतने पढ़े-लिखे लोग भी इस दयनीय दशा मे पहुँच जाते है। जब भी हमे ऐसे लोग दिखे तो हम समय निकालकर उनके लिये कुछ प्रयास कर सकते है। हम ऐसे लोगो की सहायता के लिये प्रशासन,एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थाओं,सामाजिक कार्यकर्ताओं या स्थानीय लोगो की मदद ले सकते है। सरकार को भी इन लोगो के ईलाज व बेहतर जीवन के लिये कुछ सार्थक कदम उठाने चाहिए।

दया मानव का सर्वोत्तम गुण है। इन्सान का इन्सान के प्रति भी दायित्व बनता है। इसलिये हम स्वयं के स्तर से इन बेसहारा,अपरिचित व घुमन्तू लोगो के लिये भी अवश्य ही कुछ न कुछ कर सकते है। हम अपने मित्रो और परिजनों का एक समूह बनाकर किसी छुट्टी के दिन इन लोगो के लिये खाने,कपड़े की व्यवस्था कर सकते है। इससे ज्यादा हम स्थानीय प्रशासन का सहयोग लेते हुये और सोशल मीडिया के प्रयोग से इन्हे इनके परिवार से मिलाने का कार्य भी कर सकते है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा था कि परहित सरिस धर्म नहि भाई, इसलिये हमें इस बात का स्मरण करते हुये, इस तरह के दयनीय लोगो की दशा सुधार हेतु सार्थक प्रयास करने चाहिये। यदि आप परोपकार करेंगे तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि आप बहुत ही बेहतर महसूस करेंगे।

**अभिषेक कुमार शुक्ला**
**स्वतंत्र लेखक व सोशल ऐक्टिविस्ट**
**सीतापुर,उत्तर प्रदेश**

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# फिल्म उद्योग में कियारा के 6 साल पूरे



बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने फिल्म उद्योग में अपने 6 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने सबसे पहले एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी और फिर कबीर सिंह, गुड न्यूज और डिजिटल प्लेटफार्म पर रिलीज सीरीज लस्ट स्टोरीज में काम किया है। अपने काम के बाद उन्होंने लोगों के दिल में एक अलग जगह बनाई है। इस बारे में अभिनेत्री ने बताया कि अभी जीवन में उन्हें बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। कियारा ने कहा कि मैं निश्चित रूप से यह नहीं कह सकती, क्योंकि मुझे लगता है कि बहुत कुछ है जिसे मैं हासिल करना चाहती हूं। ऐसे और भी कई निर्देशक हैं जिनके साथ मैं काम करना चाहती हूं। मेरे पास उन लोगों की सूची है, जिनके साथ मैं काम करना चाहती हूं। बता दें कि कियारा हालिया रिलीज फिल्म इंदु की जवानी में दिखाई दे रही हैं।

# अजय देवगन की पत्नी का किरदार निभाएंगी आकांक्षा

अभिनेत्री आकांक्षा सिंह जल्द ही फिल्म मेडे में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में वह अजय देवगन की पत्नी के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, रकुल प्रीत सिंह और अंगिरा धर भी हैं। फिल्म को लेकर आकांक्षा ने कहा कि एक इतनी बड़ी और बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा बनना किसी सपने के सच होने जैसा है। मैं अजय सर और अमिताभ सर के साथ काम करने के लिए बहुत रोमांचित हूं और ऊपर से अजय सर द्वारा फिल्म का निर्देशन किया जाना सोने पे सुहागा है। ऐसा सच में हो रहा है। यह एक अहम भूमिका है और मैं खुशनसीब हूं कि फिल्म के मुहूर्त शॉर्ट का भी मैं हिस्सा थी। मेरे प्रशंसक, परिवार और शुभचिंतकों के समर्थन के बिना कुछ भी पूरा नहीं होता। 29 अप्रैल, 2022 को फिल्म रिलीज हो रही है।



# दीपिका ने खुद पर बना 'स्पॉन्जबॉब' मीम पोस्ट किया




बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर खुद पर बना एक मजेदार मीम साझा कर अपने प्रशंसकों को हंसाया। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर साझा किए गए इस मीम में दीपिका के लुक की तुलना शो 'स्पॉन्जबॉब' के किरदार स्क्विडवार्ड से की गई है। दीपिका को तस्वीर में एक ब्लैक ड्रेस में देखा जा सकता है। मीम में कार्टून कैरेक्टर की तस्वीर के ऊपर जहां 'स्क्विडवार्ड' लिखा गया है, वहीं दीपिका की तस्वीर के ऊपर 'स्क्विडवार्ड प्रो मैक्स' लिखा है। इन सबके अलावा, दीपिका ने एक गिफी भी लगा रखा है, जिसमें लिखा है ओके। अभिनय की बात करें, तो आने वाले समय में दीपिका फिल्म '83' में नजर आएंगी और इसके अलावा, वह शकुन बत्रा की अगली फिल्म में भी किरदार निभा रही हैं।

# गली बॉय के बाद करन जौहर की फिल्म में एक साथ नजर आएंगे आलिया और रणवीर सिंह



बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने पिछले कुछ सालों में अपने अभिनय की विविधता से न सिर्फ दर्शकों को प्रभावित किया है, बल्कि उन्होंने फिल्म निर्देशकों का भी भरोसा जीता है। एक्टर के पास इस समय कुछ प्रोजेक्ट्स पहले से ही हैं, अब इस लिस्ट में एक फिल्म और जुड़ती नजर आ रही है। सूत्रों के अनुसार रणवीर सिंह और आलिया जल्द ही करन जौहर की फिल्म में स्क्रीन शेयर करते नजर आ सकते हैं।

फिल्म को लेकर ज्यादा जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। खबर है कि फिल्म की शूटिंग 2021 में शुरू की जाएगी। रणवीर अपने सारे प्रोजेक्ट्स खत्म करने के बाद इस फिल्म के साथ जुड़ेंगे। शूटिंग से पहले वह 25 दिन की एक वर्कशॉप का हिस्सा होंगे। आलिया भट्ट भी इसका हिस्सा होंगी। फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2021 में शुरू की जाने की संभावना है। सूत्र के मुताबिक रणवीर सारे शूट्स खत्म करने के बाद कुछ समय की छुट्टी लेंगे। इसके बाद इस वर्कशॉप पर काम शुरू किया जाएगा। आलिया, संजयलीला भंसाली की फिल्म गंगुबाई कातियावणी खत्म करने के बाद इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ेंगी। अगर सब कुछ सही रहा तो अगले साल फैन्स एक बार फिर से आलिया और रणवीर की जोड़ी को पर्दे पर देख सकेंगे। गली बॉय में इनके काम की खूब तारीफ की गई थी और फिल्म भी खूब चली थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो रणवीर सिंह की फिल्म 83 सन 2021 में रिलीज होने वाली है। वे रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में भी नजर आएंगे। इसके अलावा वे जाएसभाई जोरदार जैसी फिल्म का भी हिस्सा हैं। वहीं आलिया गंगुबाई कातियावणी के अलावा फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगी।

# भारतीय समुदाय के उत्थान के लिए भाग्यशाली महसूस कर रहे रवि



भारतीय मूल के अमेरिकी अभिनेता रवि पटेल भारतीय समुदाय के उत्थान के लिए खुदको भाग्यशाली समझ रहे हैं। उनका कहना है कि वह पश्चिम में भारतीय समुदाय के उत्थान के लिए भाग्यशाली महसूस करते हैं। रवि ने कहा कि मैं सहमत हूं, यह वास्तव में है। मुझे लगता है कि मैं इस अर्थ में काफी भाग्यशाली रहा हूं। जैसे-जैसे मेरा करियर आगे बढ़ा है, वैसे-वैसे भारतीय भी अमेरिका के ताने-बाने में बंध गए हैं।

जैसे मैं हॉलीवुड में आगे बढ़ रहा हूं, भारतीयों के लिए बेहतर भूमिकाएं दिखाई दे रही हैं। मैं इसके लिए सिर्फ आभारी हूं। उन्होंने कहा कि हॉलीवुड में हमारे देश की प्रतिभाओं के लिए बहुत कुछ बदल रहा है। भारतीय अभिनेता पश्चिम में शक्ति के साथ-साथ दृश्यता भी पा रहे हैं। रवि के लिए स्टीरियोटाइप होने से बचना आसान था। उन्होंने कहा कि मैं ऐसी भूमिकाएं करता हूं जो मुझे पसंद हैं। यह आसान है। और अगर मुझे ऐसा कुछ दिखाई देता है, जो मुझे लगता है कि अनुचित है, तो मैं बोलता हूं। एशियाई लोगों का प्रतिनिधित्व के बारे में अभिनेता ने कहा कि एशियाई इस देश की अधिकांश कंपनियों में शीर्ष पद पर हैं। हम अमेरिका में धमाल मचा रहे हैं। हम देश में दृश्यता और शक्ति दोनों प्राप्त कर रहे हैं। हालिया चुनाव एक महान उदाहरण था। और यह सिर्फ शुरूआत है। बता दें कि पटेल को उनकी ऑटोबायोग्राफिकल कॉमिक डॉक्यूमेंट्री 'मीट द पटेल्स' के लिए जाना जाता है और जल्द ही उन्हें गल गडोट स्टार अभिनीत 'वंडर वुमन 1984' में देखा जाएगा। इसके अलावा अभिनेता ने 'स्क्रब्स', 'मास्टर ऑफ नन' और 'ग्रैंडफादर्ड' जैसी सीरीज में भी अभिनय किया है।

# अगले साल दशहरे पर रिलीज होगी अजय देवगन की 'मैदान' फिल्म




बॉलीवुड स्टार अजय देवगन पिछले काफी समय से अपनी फिल्मों को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' पाइपलाइन में हैं, कोरोना की वजह से फिल्म की शूटिंग बीच में रोकनी पड़ी। अब इस फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आई है। अजय देवगन ने बताया कि यह फिल्म अगले साल 2021 में दशहरा के अवसर पर रिलीज होगी। अजय देवगन ने ट्वीट कर रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। अजय देवगन ने ट्वीट कर बताया कि फिल्म की नई रिलीज डेट 15 अक्टूबर 2021 होगी।

अगले साल 15 अक्टूबर को दशहरा है। फिल्म निर्माताओं ने लगभग 11 महीने बाद इस फल्मि की रिलीज डेट रखी है, ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह सेफ गेम खेलना चाहते हैं। कोरोना वायरस ने जो माहौल बिगाड़ा है उसे ठीक होने में अभी वक्त लगेगा। अजय देवगन की यह फल्मि बहुत बड़े स्केल पर रिलीज होगी। फिल्म निमार्ताओं ने इसे चार भाषाओं में रलीज करने का निर्णय लिया है। यह फिल्म हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषा में भी रिलीज की जाएगी। फिल्म 'मैदान' में अजय देवगन लीड रोल निभा रहे हैं। फिल्म में वह फुटबॉल कोच की भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म बायोपिक नहीं है, इसमें टीम व खेल से जुड़ी चीजें फैंस को देखने को मिलेंगी। अजय देवगन के अलावा प्रियामणि, गजराव राव और बोमन ईरानी मुख्य किरदारों में हैं। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी फिल्म 'दे दे प्यार दे' की वजह से मुश्किलों में पड़ गए हैं। दरअसल, इस फिल्म के पोस्टर में दिखाया गया सीन मूवी में नहीं दिखा, जिससे नाराज होकर दर्शक ने कंज्यूमर कोर्ट में अजय देवगन सहित फिल्म निमार्ता निर्देशक और सिनेमाघर संचालक के खिलाफ शिकायत कर दी है। अब कंज्यूमर कोर्ट ने अजय देवगन को नोटिस भेजा है। अजमेर के निवासी तरुण अग्रवाल ने कंज्यूमर कोर्ट में हलफनामा पेश कर बताया कि पिछले साल दे दे प्यार दे रिलीज होकर सिनेमाघरों में दिखाई गई है। फिल्म के प्रमोशन और विज्ञापन में अभिनेता अजय देवगन कार के बोनट पर पैर स्ट्रेच करके स्टंट करते हुए दिखाई दिए। इस सीन का विभिन्न माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। सिनेमाघर के सामने भी इसका पोस्टर लगाया गया था, लेकिन यह सीन फिल्म में नहीं था। वर्कफ्रंट की बात करें तो अजय देवगन इसके अलावा फिल्म भुज में नजर आने वाले हैं और सूर्यवंशी में भी गेस्ट रोल में नजर आएंगे।

# आमिर की बेटी इरा और सुष्मिता की बेटी रिनी की सोशल मीडिया पर दिखी बॉन्डिंग

मुंबई की फिल्मी दुनिया में सितारों के बेटे-बेटियों की दोस्ती की चर्चा अक्सर होती रहती है। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की बेटी इरा खान सोशल मीडिया पर अक्सर ही छाई रहती हैं। इरा की फोटोज सोशल मीडिया यूजर्स के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं सुष्मिता सेन की बेटी रिनी सेन भी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। हाल ही में रिनी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक फोटो शेयर की है, जिसमें वह आमिर खान की बेटी इरा के साथ नजर आ रही हैं। दोनों की ये फोटो इंटरनेट पर वायरल हो रही है। जिसमें दोनों के बीच की दोस्ती की खूब चर्चा हो रही है। दरअसल, इरा खान और रिनी सेन काफी अच्छे दोस्त हैं। दोनों एक-दूसरे की कंपनी को खूब एन्जॉय करते हैं। ऐसे में हाल ही में, रिनी सेन ने इरा खान के साथ यह फोटो शेयर की है, जिसमें इरा और रिनी की बॉन्डिंग साफ नजर आ रही है। तस्वीर को देखकर पता लगता है दोनों दोनों के बीच काफी अच्छी और गहरी दोस्ती है। बता दें इरा खान सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। फैन फॉलोइंग के मामले में भी इरा कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज को मात देती हैं। हालांकि, इरा ने अभी तक बॉलीवुड इंडस्ट्री से दूरी बना रखी है और आगे भी उनका बॉलीवुड में कदम रखने का कोई प्लान नहीं है। वहीं बात करें सुष्मिता सेन की बेटी रिनी को तो रिनी बीते कुछ समय से काफी सुर्खियों में हैं। रिनी एक शॉर्ट फिल्म में काम कर रही हैं। जिसका टाइटल है सुटाबाजी। फिल्म में रिनी दिव्या कुमार की अहम भूमिका निभा रही हैं, जिसमें उनके साथ राहुल वोहरा और कोमल छाबड़ा भी नजर आएंगे।



# फिल्म निर्माता और टीवी क्वीन एकता कपूर 100 प्रेरणादायक लीडर्स की सूची में शामिल



फिल्म निर्माता और टीवी क्वीन एकता कपूर को हाल ही में एक प्रमुख फर्म द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में 100 प्रेरणादायक लीडर्स में वुमन ऑफ द ईयर 2020 का पुरस्कार दिया गया। व्हाइट पेज लीडरशिप कॉन्क्लेव 2020 में एकता कपूर मुख्य वक्ता थीं। एकता कपूर के ब्रांड ऑल्ट बालाजी को इस साल के सबसे प्रशंसित ब्रांड के रूप में टैग किया गया। ऑल्ट बालाजी को भारत के 100 सबसे प्रशंसित ब्रांड्स 2020 की टॉप सूची में दिखाया गया है। एकता और ऑल्ट बालाजी दर्शकों के लिए शानदार कंटेंट पेश करते रहे हैं। लॉकडाउन के दौरान भी ऑल्ट बालाजी ने कई रिलीज किए हैं, जिनमें 'मेंटल हुड', 'कोड एम', 'बिच्छू का खेल', 'मुमभाई' सहित और भी कई शामिल हैं। इन्हें दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया है। एकता दर्शकों को नया कंटेंट देने के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। उनके द्वारा पेश किए जाने वाली वेब-सीरीज की अपनी एक अलग शैली होती है, जो उन्हें बाकियों से अलग करती है। उनकी स्क्रिप्ट, निर्देशन करने का तरीका, कलाकार सभी परफेक्ट होते हैं। इसी के चलते ऑल्ट बालाजी के सभी शोज ने शानदार सफलता प्राप्त की है और इन्हीं सब के चलते एकता इस पुरस्कार के लिए हकदार बनती हैं।

कोरोना महामारी का असर

पेरिस में कोरोना महामारी के कारण फिर बंद हुए लीस डीयोक्स मेगोट कैफ में रखे हुए टेडी बीयर।



# अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के लिए बिहार भाजपा खरमास के बाद जुटाएगी चंदा

पटना ■ एजेंसी

आयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में बिहार भाजपा भी आर्थिक सहयोग करेगी। पार्टी की ओर से खरमास बाद राममंदिर के लिए चंदा संग्रह करने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान लगभग डेढ़ माह चलेगा। चंदा संग्रह के दौरान पार्टी कोई और सांगठनिक गतिविधियां नहीं करेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार पिछले दिनों पार्टी के मंच-मोर्चा व प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही विधानमंडल दल की बैठक में इस पर सहमति बनी थी। उसी बैठक में तय हुआ था कि पार्टी की राज्य इकाई भी राम मंदिर निर्माण में आर्थिक सहयोग करेगी, वह भी जनसहयोग से। इसके लिए बिहार के हरेक परिवार से सम्पर्क कर राम मंदिर के लिए चंदा एकत्रित किया जाएगा। वैशाली में पार्टी के आलानेताओं की बैठक में चंदा संग्रह की तिथि पर मुहर लग गई है। चंदा संग्रह का विशेष अभियान 15 जनवरी से शुरू होगा और 28 फरवरी तक चलेगा। पार्टी के अलावा इसके अधीन सभी मंच-प्रकोष्ठ व मोर्चा की ओर से भी चंदा संग्रह



का अभियान चलाया जाएगा। राज्य के प्रदेश पदाधिकारी से लेकर जिला, प्रखंड, मंडल व बूथ स्तरीय नेता तक इस काम में जुटेंगे। पार्टी की कोशिश है कि वह चंदा संग्रह के माध्यम से बिहार के हर परिवार तक पहुंचे। इसी बहाने वह अपने जनाधार में इजाफा भी करेगी। चंदा संग्रह के दौरान अगर किसी को सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं होगी तो वह भी उन्हें बताया जाएगा। अभियान की प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के नेता निगरानी करेंगे, ताकि पता चल सके कि किस जिले ने सबसे अधिक घरों तक पहुंच बनाई गई।

## न्यूज. ब्रीफ

### लालू प्रसाद यादव को निदेशक बंगला शिफ्ट करने के मामले में सुनवाई हाईकोर्ट में आज

**रांची।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को रिम्स के वार्ड से निदेशक बंगला और बंगला से वापस पेइंग वार्ड शिफ्ट करने के मामले पर शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई सूचीबद्ध है। हाईकोर्ट के पिछले आदेश के आलोक में सरकार को रिपोर्ट पेश कर अदालत को यह बताएगी कि लालू प्रसाद को पेइंग वार्ड से निदेशक बंगला में शिफ्ट करने का निर्णय किसका था। फिर बंगला से पेइंग वार्ड में उन्हें किसके आदेश से शिफ्ट किया गया। अदालत ने लालू प्रसाद को मिलने वाले सेवादार की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी जानकारी मांगी है और यह बताने को कहा है कि सेवादार नियुक्त करने के लिए क्या प्रावधान है और कैसे उसका चयन किया जाता है। हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में रिम्स से लालू प्रसाद की मेडिकल रिपोर्ट और जेल प्रशासन से लालू प्रसाद से पिछले तीन माह में मिलने वाले लोगों की सूची देने को कहा था। जेल प्रशासन को यह बताने को कहा गया था कि जो लोग भी लालू प्रसाद से मिलने में जेल मैनुअल का पालन किया गया है या नहीं।



### डॉक्टर कफील खान के खिलाफ यूपी सरकार की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने देश की सर्वोच्च अदालत में एक याचिका दाखिल कर डॉक्टर कफील खान के संबंध में हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने की मांग की थी। शीर्ष कोर्ट ने आज याचिका खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने कफील खान पर लगाए गए एनएसए को रद्द कर दिया था और पुलिस के खिलाफ सख्त टिप्पणी की थी। आज सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की टिप्पणी को हटाने की मांग भी खारिज कर दी। बता दें कि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी को लेकर भड़काऊ भाषण देने के आरोप में डॉ. कफील खान को गिरफ्तार किया गया था। 1 सितंबर 2020 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खान पर लगाए गए एनएसए को गलत बताते हुए हटाते हुए तुरंत रिहाई के आदेश दिए थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोविंद माथुर और न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह की पीठ ने कफील को तत्काल रिहा करने के आदेश दिये थे। पिछले साल अगस्त में कफील खान को गिरफ्तार किया गया था।

### सीनेट चुनाव फरवरी में कराने के फैसले को पीपीपी ने असंवैधानिक करार दिया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के मार्च 2021 के बजाय फरवरी में सीनेट चुनाव कराने के फैसले को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि किसी भी पार्टी को सीनेट के चुनाव का फैसला लेने का अधिकार नहीं है। एक पाकिस्तानी न्यूज चैनल ने पीपीपी नेता रजा रब्बानी के हवाले से कहा कि फरवरी में चुनाव कराने का इमरान सरकार का फैसला असंवैधानिक है। उन्होंने कहा चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्थान है और यह अधिकार उसके पास है। पाकिस्तान में राजनीतिक अराजकता के बीच संघीय सरकार ने मार्च 2021 के बजाय फरवरी में सीनेट चुनाव कराने का फैसला किया है।

# कर्नाटक में बीजेपी ने 13 विधायकों को दिया कैबिनेट मंत्री का दर्जा

- अब मंत्रिमंडल में नहीं मिल सकती है जगह

बेंगलुरु ■ एजेंसी



कर्नाटक में भाजपा के 13 विधायकों को विभिन्न बोर्डों और निगमों का प्रमुख नियुक्त करके कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया। आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार चार अन्य विधायकों को राज्यमंत्री का दर्जा दिया गया है। मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के मंत्रिमंडल के विस्तार या बदलाव में हो रही देरी के बीच यह कदम उठाया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार इससे इन विधायकों को यह संकेत भी दिया गया है कि हो सकता है कि उन्हें मंत्रिमंडल में जगह न दी जाए। हो सकता है कि उन्हें सांत्वना देने के लिये ऐसा किया गया हो। कैबिनेट मंत्री का दर्जा पाने वालों में विधायकों में एम चन्द्रप्पा, एहोले दुर्योधन महालिंगप्पा, नेहरू ओलेकर, नरसिम्हा नायक (राजू गौड़ा), के शिवनगौड़ा नायक, कलाकप्पा बंदी, शंकर पाटिल मुनेनाकोप्पा, के मादल विरुपाक्षप्पा, सिद्दू सावड़ी, ए एस पाटिल (नादाहल्ली), दत्तात्रेय सी पाटिल रेवूर, पी राजीव और एस वी रामचंद्र शामिल हैं। राज्यमंत्री का दर्जा पाने वालों में राजकुमार पाटिल तेलकुर, सी एस निरंजन कुमार, एएस जयराम और एन लिंगन्ना शामिल हैं। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार एन भृंगीस को भी कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है।

| बीजेपी से एलजेपी वाला बदला लेंगे नीतीश ? |

# पश्चिम बंगालः 75 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी जेडीयू



कोलकाता ■ एजेंसी

बिहार में भारतीय जनता पार्टी के साथ सत्ता चला रही जनता दल यूनाइटेड ने अब पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ने का फैसला किया है। जेडीयू नेता गुलाम रसूल बलयावी ने गुरुवार को कहा कि पार्टी 2021 में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में 75 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि, अभी यह साफ नहीं किया गया है कि पार्टी अकेले दम पर यहां चुनाव लड़ेगी या अन्य छोटे दलों के साथ गठबंधन करेगी।

### क्या चुनाव नतीजों पर असर डाल पाएगी जेडीयू?

बिहार से सटे पश्चिम बंगाल की कुछ सीटों पर जेडीयू का असर हो सकता है। हालांकि, बिहार से बाहर पार्टी का संगठन काफी कमजोर रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी चुनाव नतीजों पर कोई असर तो नहीं डाल पाएगी, लेकिन कुछ सीटों पर यदि इसने बीजेपी के वोट काट लिए तो बीजेपी के लिए मुश्किल बढ़ सकती है। 26 दिसंबर से पटना में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होने जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की अगुआई में बड़े नेता मंथन करेंगे। बिहार चुनाव परिणाम की समीक्षा के साथ ही बिहार से बाहर पार्टी के विस्तार को लेकर चर्चा होने वाली है। पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ने के फैसले पर भी अंतिम मुहर इसी बैठक में लगाई जाएगी।

### बीजेपी के वोटों में होगी सेंधमारी?

माना जा रहा है कि जेडीयू के चुनाव लड़ने से कई सीटों पर बीजेपी के वोटों का बंटवारा हो सकता है। बीजेपी इस बार यहां सत्ताविरोधी मतों के जरिए जीत हासिल करने के प्रयास में है। ऐसे में टीएमसी विरोधी मतों के बंटवारे का सीधा मतलब होगा कि वोट बीजेपी के कटेंगे। हाल ही में बिहार में संपन्न विधानसभा चुनाव में एनडीए ने बहुमत हासिल किया है। लेकिन एलजेपी की ओर से जेडीयू के खिलाफ उम्मीदवार उतारे जाने की वजह से नीतीश कुमार को सीटों के मामले में काफी नुकसान उठाना पड़ा है। कई सीटों पर एलजेपी के वोट काटने की वजह से ही जेडीयू के उम्मीदवार हार गए। नतीजा यह हुआ कि जेडीयू यहां बीजेपी से पिछड़ गई। जेडीयू के कई नेता मानते हैं कि असल में बीजेपी ने ही यह खेल रचा था। कुछ जानकार बताते हैं कि जेडीयू में इस बात को लेकर टीस जरूर है। नीतीश कुमार राजनीति के बेहद माहिर खिलाड़ी हैं और हिसाब-किताब के लिए सही मौका तलाश ही लेते हैं।

### भाजपा ने उतारी अमित शाह समेत कई बड़े नेताओं की फौज, युद्ध स्तर पर हो रही तैयारी



अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बीजेपी ने अपने अभियान में युद्ध स्तर पर तेजी लाते हुए केंद्रीय मंत्रियों, एक उप-मुख्यमंत्री और कई केंद्रीय नेताओं को विभिन्न मोर्चों पर तैनात किया है और उन्हें छह से सात संसदीय क्षेत्रों की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस हफ्ते के अंत में राज्य का दौरा करेंगे। वहीं केंद्रीय मंत्रिपरिषद के उनके सहयोगी गजेंद्र सिंह शेखावत, संजीव बालियान, प्रह्लाद पटेल, अर्जुन मुंडा और मनसुख भाई मांडविया अगले कुछ दिनों के भीतर प्रदेश का दौरा करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या और मध्य प्रदेश सरकार में वरिष्ठ मंत्री नरोत्तम मिश्रा को भी पश्चिम बंगाल में जिम्मेदारी सौंपी गई है। केंद्रीय मंत्री पटेल से जब उन्हें पश्चिम बंगाल में मिली जिम्मेदारी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस बात की पुष्टि की और बताया कि उन्हें उत्तर बंगाल में पार्टी की चुनावी तैयारियों का जिम्मा सौंपा गया है। सूत्रों ने बताया कि शाह 19 दिसंबर को इन सभी नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे। शाह इस सप्ताहांत दो दिवसीय बंगाल दौरे पर रहेंगे । इस दौरान वह एक राजनीतिक सभा को संबोधित करेंगे और मिदनापुर जिले में एक किसान के घर दोपहर का भोजन करेंगे। ऐसी खबरें और चर्चाएं है कि तृणमूल कांग्रेस से नाराज चल रहे पूर्व मंत्री शुभेन्दु अधिकारी, शाह की मौजूदगी में बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। अधिकारी ने ममता मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के बाद बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया था। बीजेपी नेतृत्व ने पहले ही अपने केंद्रीय पदाधिकारियों को पश्चिम बंगाल के पांच विभिन्न इलाकों की जिम्मेदारी सौंप रखी है। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में बीजेपी अभी तक कोई खास प्रभाव नही छोड़ पाई है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की 18 सीटों पर मिली जीत से उसके हौसले बुलंद हैं और वह तृणमूल कांग्रेस के मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभर कर सामने आई है।

# रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठकों में नहीं आते राहुल फिर देते हैं सरकार को दोष : जावड़ेकर

नई दिल्ली ■ ब्यूरो



पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले साल- डेढ़ साल में रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की 14 में से 2 बैठकों में ही भाग लिया। वह खुद अनुपस्थित रहते हैं और फिर सरकार और सारी प्रक्रिया को दोष देते हैं और विरोध में बैठक से वॉक आउट कर जाते हैं। स्थायी समिति कोई विरोध स्थल नहीं है। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि संवैधानिक प्रक्रियाओं के लिए उनका कितना सम्मान है। जब यूपीए शासन के दौरान राहुल गांधी सत्ता में थे, तब उन्होंने कैबिनेट के फैसले को फाड़ दिया था और इसे कूड़ेदान में फेंक दिया था। राहुल गांधी को संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान करना सीखना चाहिए वरना लोकतंत्र में उनकी भूमिका नगण्य हो जाएगी। अनुपस्थित रहना, चर्चा के अपने एजेंडे का खुलासा नहीं करना, और फिर महत्वपूर्ण मुद्दों की गैर-चर्चा का आग्रह करना सभी संसदीय प्रक्रियाओं और संवैधानिक संस्थानों का अपमान है। हम इस रवैये की निंदा करते हैं।

# पोप फ्रांसिस के पूर्व कोषाध्यक्ष ने राष्ट्रपति को ट्रंप को थोड़ा असभ्य किस्म का बताया

**रोम ।** पोप फ्रांसिस के पूर्व कोषाध्यक्ष कार्डिनल जॉर्ज पेल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रशंसा कर उन्हें ईसाई मूल्यों की रक्षा करने वाला बताया। साथ ही अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट में उनके द्वारा की गई नियुक्तियों को शानदार करार दिया, लेकिन साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव की निष्ठा के प्रति शंका पैदा करने के उनके प्रयासों पर सवाल भी खड़े किए। पेल ने अपनी किताब प्रिजन जर्नल के विमोचन के दौरान कहा, महान लोक संस्थाओं में विश्वास को कमजोर करना कोई छोटी बात नहीं है। पेल की किताब यौन उत्पीड़न के आरोप में जेल में एकांत में बिताए 404 दिनों के बारे में है। हालांकि यौन उत्पीड़न के मामले में ऑस्ट्रेलिया के उच्च न्यायालय ने उनकी सजा निरस्त कर दी थी। अपनी किताब में पेल अदालत में चले मामले, कैथोलिक चर्च के मौजूदा घटनाक्रम और दुनिया के अलग-अलग मुद्दों पर बात करते हैं। इसी दौरान वह एक जगह कहते हैं, कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ट्रंप थोड़े से असभ्य किस्म के हैं।

# चांद की सतह से नमूने लेकर सफलता पूर्वक पृथ्वी पर लौटा चीन का चंद्रयान

बीजिंग ■ एजेंसी



चीन का चंद्रयान चांग ई-5 चांद की सतह से नमूने लेने के बाद सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौट आया है। चांद से 40 से अधिक वर्ष बाद नमूने पृथ्वी पर लाए गए हैं। चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के अनुसार चांग ई-5 मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के सिजिवांग बैनर में स्थानीय समयानुसार देर रात एक बजकर 59 मिनट (बुधवार को) उतरा। सीएनएसए के प्रमुख झांग केजन ने चांग ई-5 अभियान को सफल घोषित किया है। चीन की सरकार समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, इसके साथ ही चंद्रमा की कक्षा में जाना, वहां उतरना और नमूने वापस लाने का चीन का वर्तमान तीन-चरणीय चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम सफलतापूर्वक समाप्त हो गया, जिसकी शुरूआत 2004 में हुई थी। चांग ई-5 के चार में से दो मॉड्यूल एक दिसम्बर को चंद्रमा की सतह पर पहुंचे थे और उन्होंने सतह से खुदाई करके करीब दो किलोग्राम नमूने एकत्र किए। इन नमूनों को सील बंद कंटेनर में रखा गया और उसे वापस आने वाले मॉड्यूल में स्थानांतरित किया गया। चांग ई-5 चांद की सतह पर पहुंचने वाला चीन का तीसरा यान है। यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम की कड़ी का हालिया अभियान है। अभियान के तहत भेजा गया चांग ई 4 चंद्रमा के सुदूरवर्ती क्षेत्र में पहुंचने वाला पहला यान था। इससे पहले पूर्व सोवियत संघ द्वारा भेजे गये रोबोट वाले लूना 24 अंतरिक्ष यान के जरिये वैज्ञानिकों को चांद से लाये गये नमूने प्राप्त हुए थे।

### दुनिया में पहली बार वायु प्रदूषण से मौत पर किसी अदालत ने लगाई मुहर

**लंदन ।** ब्रिटेन की एक अदालत ने नौ साल की बच्ची एल्ला कीसी डेब्राह की मौत की वजह वायु प्रदूषण को माना है। ब्रिटेन ही नहीं, दुनिया में यह पहला मामला है, जब किसी अदालत ने वायु प्रदूषण से मौत होने पर मुहर लगाई है। एल्ला के मृत्यु प्रमाणपत्र को जारी करने वाली अथॉरिटी ने भी रिपोर्ट दी है कि मौत के कारण श्वसन तंत्र काम न करने, गंभीर अस्थमा और वायु प्रदूषण हैं। एल्ला की मौत 2013 में हुई थी। उसके घर के पास ट्रैफिक के कारण लगातार तीन साल तक प्रदूषण तय मानकों से अधिक रहा था। मामले की सुनवाई करते हुए जज ने कहा कि वायु प्रदूषण एल्ला की मौत में अहम वजह है। वह लगातार नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के संपर्क में रही। जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से अधिक था।

बर्फबारी का असीर

पौटसविली में बर्फबारी के दौरान निकलते हुए वाहन।



# आयकर विभाग ने चंडीगढ़ में तलाशी अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने 13 दिसंबर, को चंडीगढ़ स्थित सूचीबद्ध दवा कंपनी और उससे जुड़े पक्षों के मामले में तलाशी और जब्ती कार्रवाई की। इस कार्रवाई में चंडीगढ़, दिल्ली और मुंबई में फैले कुल 11 परिसरों को शामिल किया है। समूह के खिलाफ प्राथमिक आरोप यह था कि निर्धारिती कंपनी ने इंदौर में एक बेनामी कंपनी के नाम पर 117 एकड़ बेनामी जमीन खरीदी थी। तलाशी के दौरान पर्याप्त सबूत पाए हैं और उन्हें जब्त किया, जो स्पष्ट रूप से स्थापित करता है कि बेनामी कंपनी की कोई वास्तविक व्यावसायिक गतिविधि नहीं है। कंपनी इस बेनामी जमीन को बेचने की तैयारी में थी।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ने एडवाइजर्स से कहा- बाइडेन की शपथ वाले दिन भी व्हाइट हाउस नहीं छोड़ूंगा

वॉशिंगटन ■ एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगियों को बताया है कि वे 20 जनवरी को भी व्हाइट हाउस नहीं छोड़ेंगे। 20 जनवरी को ही प्रेसिडेंट इलेक्ट जो बाइडेन नए राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे। अमेरिका में इस शपथ ग्रहण समारोह को पारंपरिक तौर पर इनॉगरेशन डे कहा जाता है। बहरहाल, अगर ऐसा होता है और ट्रम्प व्हाइट हाउस छोड़ने से इनकार कर देते हैं तो देश के सामने संवैधानिक संकट खड़ा हो जाएगा। अमेरिकी इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। सीएनएन ने ट्रम्प की जिद के बारे में यह जानकारी सूत्रों के हवाले से दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने अपने सलाहकारों से कहा है वे इनॉगरेशन डे पर भी व्हाइट हाउस नहीं छोड़ेंगे। उनकी टीम भी इस रवैये से हैरान है। एक एडवाइजर ने कहा- अब उन्हें व्हाइट हाउस छोड़ना ही होगा। व्हाइट हाउस ने ट्रम्प के बारे में आई इस खबर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। खास बात ये है कि ट्रम्प की पार्टी के कई नेता भी अब बाइडेन के लिए प्रेसिडेंट इलेक्ट शब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### हर जगह हार चुके हैं ट्रम्प

ट्रम्प पहले भी चुनावी में धांधली का कई बार जिक्र कर चुके हैं। उनकी कैम्पेन टीम ने देश की कई अदालतों में केस भी दायर किए हैं। सुप्रीम कोर्ट टेक्सास और पेन्सिलवेनिया में चुनावी धांधली के आरोप में दायर की गई दो अपीलें खारिज कर चुका है। 14 दिसंबर को इलेक्टोरल कॉलेज की वोटिंग में भी साफ हो गया कि ट्रम्प हार चुके हैं। 6 जनवरी को कांग्रेस (अमेरिकी संसद के दोनों सदन) इस पर औपचारिक मुहर लगाएगी।



अच्छी खबर — पहाड़ों में छिपे दुश्मन को भी लंबी दूरी से मारेगा राफेल विमान

# अब और हाईटेक हुआ भारत का बाहुबली

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

पूर्व और पश्चिम दोनों ही मोर्चों पर दुश्मनों से घिरे रहने की स्थिति में भारत के लिए एक अच्छी खबर है। फ्रांस से खरीदे गए राफेल लड़ाकू विमान में लगी लंबी दूरी की हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल एससीएएलपी के सॉफ्टवेयर को अपग्रेड किया गया है। इस अपग्रेड के जरिए अब यह मिसाइल समुद्र तल से 4000 किलोमीटर ऊपर तक के लक्ष्य को मार गिरा सकती है। आसान शब्दों में समझे तो अब भारतीय वायुसेना का राफेल विमान 4000 मीटर ऊंचे पहाड़ों और ऊंचाई पर स्थित लक्ष्यों को निशाना बना सकता है, जबकि पहले यह 2000 मीटर की ऊंचाई वाले लक्ष्य भेद सकता था। सॉफ्टवेयर में यह बदलाव भारतीय वायुसेना के शीर्ष अधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद मिसाइल को बनाने वाली कंपनी एमबीडीए ने किया है। स्कैल्प मिसाइल 300 किलोमीटर तक मार कर सकती है।



### अगली खेप गणतंत्र दिवस के बाद

राफेल लड़ाकू विमानों की अगली खेप अगले साल गणतंत्र दिवस के बाद आ सकती है। इस बीच यह योजना बनाई जा रही है कि एयरबेस 330 मल्टी-रोल ट्रांसपोर्ट टैंकरों का उपयोग करके भारत के करीबी सहयोगी यूएई की वायु सेना द्वारा विमान में हवा के बीच फिर से ईंधन भरा जाएगा। ये अंबाला एयरबेस पहुंचेंगे। अब तक, फ्रांस में वायुसेना के पायलटों को प्रशिक्षित करने के लिए सात राफेल विमानों का उपयोग किया जा रहा है। साल 2021 के आखिर तक भारत में राफेल की पूरी खेप पहुंच जाएगी, जिसके तहत हमें 36 राफेल विमान मिलेंगे। राफेल का एक स्क्वॉड्रन अंबाला में रहेगा, और एक हसीमाड़ा एयरबेस पर। राफेल में तीन तरह की मिसाइलें होंगी। पहली, हवा से हवा में मार करने वाली मीटियोर मिसाइल। दूसरी, हवा से जमीन में मार करने वाल स्कैल्प मिसाइल और तीसरी है हैमर मिसाइल।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# इंडिविजुअल रेसलिंग वर्ल्ड कपः अंशु मलिक अकेली भारतीय पहलवान, जो मेडल जीत सकीं

## 25 में से 20 रेसलर ने अपने-अपने इवेंट हारे

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

सर्बिया के बेलग्रेड में आयोजित इंडिविजुअल रेसलिंग वर्ल्ड कप में अंशु मलिक ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उन्होंने 57 किलोग्राम वेट कैटेगरी में मेडल जीता। फाइनल में मेसिडोनिया की अनातासिया निकिता ने अंशु को 5-1 से हराया। 12 दिसंबर से शुरू हुआ रेसलिंग वर्ल्ड कप 18 दिसंबर तक खेला जाएगा। 18 साल की अंशु वर्ल्ड कप में मेडल जीतने वाली अकेली भारतीय महिला पहलवान रहीं। इस इवेंट में भारत की 8 महिला रेसलर्स ने हिस्सा



लिया। जिसमें से 7 को हार का सामना करना पड़ा। वर्ल्ड कप में 25 रेसलर्स (8 महिला, 17 पुरुष) ने अलग-अलग कैटेगरी में हिस्सा लिया था। इनमें से 20 हार कर बाहर हो चुके हैं। जबकि फ्री-स्टाइल में 4 रेसलर्स को चुनौती पेश करना बाकी है। सीनियर लेवल पर अंशु का यह तीसरा मेडल है। इससे पहले उन्होंने नई दिल्ली में एशियन चैम्पियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। वहीं, रोम में जनवरी में हुए मातियो पेलिकन टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था। अंशु ने इससे पहले जूनियर और सब जूनियर लेवल पर भी कई मेडल जीते हैं। अंशु ने वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरूआत अजरबेजान की एलयोना कोलेसनिक के खिलाफ 4-2 की जीत के साथ की थी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जर्मनी की लॉरा मर्टेन्स को 3-1 से हराया। वहीं, सेमीफाइनल में उन्होंने रूस की वेरोनिका चुमिकोवा को हराया था।

### 7 महिला रेसलर्स अपने-अपने वर्ग में हारीं

भारतीय महिला रेसलर पिंकी 55 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचीं थीं। जहां उन्हें बेलारूस की इरीना कुराचकिना के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। पिंकी को इसके बाद ब्रॉन्ज मेडल के लिए मैच में रूस की ओल्गा खोरोशावत्सेवा के खिलाफ टेक्निकल प्रोफिशियेंसी के आधार पर शिकस्त झेलनी पड़ी। वहीं, सरिता (59 किग्रा), सोनम मलिक (62 किग्रा) और साक्षी मलिक (65 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में नाकाम रहे। 72 किग्रा वर्ग में अनुभवी गुरशरणप्रीत को रेपेचेज वर्ग में येवगेनिया जखारचेनको के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। निर्मला देवी (50 किग्रा) और किरण (76) क्वालीफिकेशन राउंड में हारकर बाहर हो गए थे।

**इंग्लिश प्रीमियर लीग**

लीवरपूल में इंग्लिश प्रीमियर लीग में खेलते हुए लीवरपूल के सालाह व अन्य खिलाड़ी।



भारत- ऑस्ट्रेलिया डे-नाइट टेस्टः पहले दिन इंडिया का स्कोर 233/6

# कोहली एडिलेड में 500 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय

एडिलेड ■ एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड ओवल में खेले जा रहे 4 टेस्ट की सीरीज के पहले मैच का पहला दिन खत्म हो गया। इस डे-नाइट टेस्ट में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पहले दिन 6 विकेट गंवाकर 233 बनाए। कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट करियर की अपनी 23वीं फिफ्टी लगाई। ऋद्धिमान साहा (9) और रविचंद्रन अश्विन (15) नाबाद हैं। कोहली ने 180 बॉल पर सबसे ज्यादा 74 रन की पारी खेली। उन्होंने एडिलेड में अपने टेस्ट करियर के 500 रन भी पूरे कर लिए। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। कोहली का यह एडिलेड में चौथा टेस्ट है। उन्होंने अब तक 7 पारियों में 505 रन बनाए। इस दौरान 3 शतक और एक अर्धशतक भी जड़ा। कोहली के बाद राहुल द्रविड़ ने 4 टेस्ट की 8 पारियों में 401 रन बनाए हैं। कप्तान विराट कोहली चौथे विकेट के तौर पर आउट हुए। उन्होंने रहाणे के साथ चौथे विकेट के लिए 168 बॉल पर 88 रन की जरूरी पार्टनरशिप की। पांचवां विकेट अजिंक्य रहाणे का गिरा। वे 92 बॉल पर 42 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल स्टार्क ने उन्हें एलबीडब्ल्यू किया। इसके बाद हनुमा विहारी 16 रन बनाकर जोश हेजलवुड की बॉल पर एलबीडब्ल्यू हुए।



### पृथ्वी शॉ मैच की दूसरी बॉल पर आउट

मैच मे भारतीय टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने 32 रन पर ही दो विकेट गंवा दिए। ओपनर पृथ्वी शॉ मैच की दूसरी बॉल पर ही बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। मिचेल स्टार्क ने उन्हें बोल्ड किया। इसके बाद मयंक अग्रवाल भी 17 रन बनाकर चलते बने। तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया।

### पुजारा ने 18 रन बनाने के लिए 100 बॉल खेली

तीसरा विकेट 100 रन पर गिरा। चेतेश्वर पुजारा 160 बॉल पर 43 रन बनाकर आउट हुए। नाथन लियोन की बॉल पर मार्नस लाबुशाने ने उनका कैच लिया। पुजारा ने कोहली के साथ तीसरे विकेट के लिए 191 बॉल पर 68 रन की पार्टनरशिप की। पुजारा ने शुरूआती 18 रन बनाने के लिए 100 बॉल खेली थीं। भारतीय पारी के 36वें ओवर में कोहली आउट होने से बच गए। दरअसल, स्पिनर नाथन लियोन की बॉल कोहली के ग्लव्ज में लगकर विकेटकीपर टिम पेन के हाथों में चली गई थी। पेन और शॉर्ट लेग पर खड़े मैथ्यू वेड ने अपील की, जिसे अंपायर ने नकार दिया। वेड ने डिसिजन रिव्यू सिस्टम लेने की बात कही, लेकिन कप्तान पेन ने मना कर दिया।

# 45 नेशनल ओलिंपिक कमेटी ने डाले वोट, दोहा 2030 और रियाद 2034 एशियाई खेलों की मेजबानी करेगा



दुबई ■ एजेंसी

कतर की राजधानी दोहा 2030 एशियन गेम्स को होस्ट करेगा। वहीं, सऊदी अरब की राजधानी रियाद में 2034 एशियन गेम्स खेले जाएंगे। ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (OCA) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। ओमान के मस्कट में हुए 39वें OCA जनरल असेंबली में होस्ट को लेकर वोटिंग की गई। वोटिंग में 45 नेशनल ओलिंपिक कमेटी ने हिस्सा लिया। इससे पहले दोहा ने 2006 एशियन गेम्स को भी होस्ट किया था। वहीं, सऊदी अरब ने पहले कोई OCA मल्टी स्पोर्ट इवेंट होस्ट नहीं किया है। कतर ओलिंपिक कमेटी चीफ जोआन बिन हमाद ने कहा कि हमारा गोल सिम्पल है।

हम ओलिंपिक में ज्यादा से ज्यादा एशियाई खिलाड़ियों को देखना चाहते हैं। OCA अध्यक्ष शेख अहमद अल-फहद अल-सबा ने कहा कि काउंसिल की मस्कट में मीटिंग से एशियन बीच गेम्स की सुखद यादें वापस आ गईं। 2010 में एशियन बीच गेम्स को ओमान ने होस्ट किया था। OCA अध्यक्ष ने मस्कट को बेहद सुंदर शहर बताया। शेख अहमद ने OCA जनरल असेंबली को होस्ट करने के लिए वहां के नागरिकों और सल्तनत को धन्यवाद दिया।

### 2032 ओलिंपिक बिडिंग की तैयारी कर रहा कतर

कतर 2032 ओलिंपिक के लिए बिडिंग की भी तैयारी कर रहा है। वहीं, 2021 में कतर अरब कप फुटबॉल टूर्नामेंट की भी मेजबानी करेगा। अगले साल दिसंबर में होने वाले इस टूर्नामेंट में अल्जीरिया, बहरीन, कोमोरोस, जिबूती, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मोरक्को, ओमान, सऊदी अरब, ट्यूनीशिया, संयुक्त अरब अमीरात और यमन जैसी 22 टीमें हिस्सा लेंगी। इसके बाद कतर 2022 फीफा वर्ल्ड कप की भी मेजबानी करेगा।

## न्यूज. ब्रीफ

### मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम को 6 विश्व-स्तरीय स्क्वैश कोर्ट मिलेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने नई दिल्ली में केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री किरेन रिजिजू की उपस्थिति में मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 6 स्क्वैश कोर्ट की आधारशिला रखी। मुख्य अतिथि डॉ. एस जयशंकर जो स्वयं खेल के प्रति उत्साह रखते हैं और एक उत्सुक स्क्वैश खिलाड़ी हैं, ने इस परियोजना की सराहना की और कहा कि जब सुविधाएं तैयार हो जाएंगी तो उस समय वे यहां पर आकर स्क्वैश खेलेंगे। उन्होंने कहा, भारत में शानदार खेल प्रतिभा है। इसमें सक्षम और उत्साही कोच हैं, जो उस प्रतिभा को तैयार करने के लिए समय देंगे। वह स्थान उपलब्ध नहीं था, जहां प्रतिभा प्रशिक्षकों से मिल सकें। मुझे विश्वास है कि यह एक मॉडल सुविधा होगी और इससे अधिक आने वाली कई सुविधाओं के लिए उत्प्रेरक का काम करेगी। हमें खेल का लोकतांत्रिकरण करना होगा, इसमें एक विशेषाधिकार नहीं होना चाहिए। अधिकांश खेल जिनमें हमने अच्छा प्रदर्शन किया है, उनका लोकतांत्रिकरण किया गया।

### योगासन को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मान्यता दी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने गुरूवार को औपचारिक तौर पर योगासन को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मान्यता दे दी है। इससे अब योगासन को भी सरकारी सहायता मिल सकेगी। खेल मंत्री किरेन रीजीजू और आयुष विभाग के मंत्री श्रीपाद येस्सो नाईक ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान योगासन को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मान्यता दी। रीजीजू ने कहा, योगासन लंबे समय से प्रतिस्पर्धी खेल है और इसे भारत सरकार से मान्यता मिलने का इंतजार था जिससे यह भी आधिकारिक और मान्य प्रतिस्पर्धी खेल बन सके। उन्होंने कहा, आज बड़ा दिन है और हम इसे प्रतिस्पर्धी खेल के तौर पर औपचारिक रूप से लांच कर रहे हैं। खेल मंत्रालय इस राष्ट्रीय महासंघ को वित्तीय सहायता देगा ताकि आने वाले साल के लिये यह योजना बना सके। खेलमंत्री ने कहा कि योगासन को खेलो इंडिया कार्यक्रम का भी हिस्सा बनाया जायेगा। उन्होंने कहा, इसकी लोकप्रियता देश में बढ़ेगी और इसे खेलो इंडिया स्कूल तथा यूनिवर्सिटी कार्यक्रम में शामिल किया जायेगा। इसमें प्रतिस्पधाओं के लिये चार खेलों और सात वर्गों में 51 पदक प्रस्तावित है। इनमें योगासन, कलात्मक योग(एकल व युगल), लयबद्ध योग (एकल, समूह), व्यक्तिगत हरफनमौला चैम्पियनशिप और टीम चैम्पियनशिप शामिल है। अगले साल फरवरी में राष्ट्रीय व्यक्तिगत योगासन खेल चैम्पियनशिप का भी प्रस्ताव है।

### वेस्टइंडीज के होल्डिंग और रेनफोर्ड सम्मानित

**लंदन।** वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर माइकल होल्डिंग और इंग्लैंड महिला टीम की पूर्व खिलाड़ी इबोनी रेनफोर्ड ब्रेंट को नस्लवाद के खिलाफ आवाज उठाने के लिए फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार अपने क्षेत्रों में विशेष सफलताएं हासिल करने वाले लोगों को दिया जाता है। लंदन के मेयर विलियम रसेल ने कहा कि इबोनी और माइकल ने नस्लवाद के खिलाफ बोलकर साहसिक कदम उठाया है। उन्होंने जिस तरह से नस्लवाद को समाप्त करने के लिये वैश्विक आंदोलन को अपनी आवाज दी उसे फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन मान्यता प्रदान करता है। होल्डिंग ने इंग्लैंड और वेस्टइंडीज श्रृंखला के दौरान नस्लवाद पर बेहद प्रभावशाली भाषण दिया था। रेनफोर्ड ब्रेंट इंग्लैंड की तरफ से खेलने वाली पहली अश्वेत महिला खिलाड़ी थी। उन्होंने 2001 से 2010 तक 22 वनडे और सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे।

### न्यूजीलैंड ए और पाकिस्तान में कड़ा मुकाबला

**हैम्लिटन।** मेजबान न्यूजीलैंड ए टीम ने एकमात्र चार दिवसीय गैर-आधिकारिक टेस्ट मैच के पहले ही दिन गुरुवार को पाकिस्तान ए को पहली पारी में 194 रनों पर ही आउट कर दिया। कीवी टीम की ओर से तेज गेंदबाज एड नटल ने 54 रन देकर पांच विकेट लिए। वहीं पाक की तरफ से सबसे अधिक 58 रन अजहर अली ने बनाए। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ए ने एक विकेट पर 23 रन बनाये और वह अभी भी पाक से 171 रन पीछे है। इस प्रकार दोनो के बीच कड़ा मुकाबला चल रहा है। दिन का खेल समाप्त होने के समय रेचिन रवींद्र 11 और केन मैकलर भी 11 रनों पर ही खेल रहे थे। इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पाक को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। नटल ने पाक के सलामी बल्लेबाज मसूद को आउट कर पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही करार दिया। पाक की ओर से कोई भी बल्लेबाज ज्यादा बड़ी साझेदारी नहीं बना पाया। इसके बाद मेजबान टीम की शुरूआत भी कुछ खास नही रही और उसके सलामी बल्लेबाज हेनरी कूपर शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये।

# कंज्यूमर गतिविधि के कमजोर रहने से दिसंबर में बाजार ठंडा

मुंबई ■ एजेंसी

त्यौहारी सीजन के बाद ठंड बढ़ने के साथ ही उपभोक्ताओं का उत्साह भी ठंडा हो गया है। दिसंबर के पहले पखवाड़े में क्रेडिट ग्रोथ, बिजनस वॉल्यूम्स, डिजिटल ट्राजैक्शंस और क्रेडिट कार्ड खर्च की रफ्तार में कमी आई है। बाजार जानकारों कहना है कि आने वाले महीनों में कंज्यूमर गतिविधि के कमजोर रहने की संभावना है और वे इस स्थिति के लिए तैयार हैं।

उनका कहना है कि कोरोना वैक्सीन की उपलब्धता और वितरण के बारे में चीजों के स्पष्ट होने के बाद ही इसमें तेजी आने की उम्मीद है। हम दिसंबर के अक्टूबर और नवंबर से बेहतर रहने की उम्मीद नहीं कर रहे थे। दिसंबर में मामला सपाट रहेगा। दिवाली के बाद से ही मांग घट रही है। दिसंबर के पहले दो हफ्ते में मांग कम रही है और आगे भी इसमें सुधार की उम्मीद नहीं है। पहले हम हर महीने 10-12 फीसदी की ग्रोथ देख रहे थे। नवंबर के अंतिम हफ्ते से मांग कम हो गई है और अब ग्रोथ 5 फीसदी रह गई है। पीओएस टर्मिनल पर कार्ड से खर्च के बारे में आरबीआई का डेटा भी यही तस्वीर बयां करता है। दिसंबर के पहले 14 दिनों में 6.8 करोड़ क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन हुए। इसमें 20911 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ। नवंबर में इस अवधि के दौरान 23752 करोड़ रुपये के 7.4 करोड़ लेनदेन हुए थे। वॉल्यूम के हिसाब से भी इनमें मासिक आधार पर क्रमशः 1 फीसदी और 4 फीसदी की कमी आई है। एनपीसीआई द्वारा ऑपरेटेड सभी प्रमुख रीटेल पेमेंट चैनल्स के ट्रांजेक्शन में नवंबर की तुलना में दिसंबर में कमी आई है।

# संयुक्त राष्ट्र के यंग चैम्पियंस ऑफ द अर्थ विजेताओं में भारतीय युवा उद्यमी इंजी. विद्युत मोहन भी शामिल

जेनेवा ■ एजेंसी

वैश्विक संगठम संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण शाखा द्वारा दिए जाने वाले विशिष्ट पुरस्कार यंग चैम्पियंस ऑफ द अर्थ के सात विजेताओं में 29 वर्षीय एक भारतीय युवा उद्यमी भी शामिल है। नए विचारों और नवोन्मेषी कदमों के जरिए पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों के समाधान की दिशा में काम करने वालों को यह पुरस्कार दिया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने एक बयान में बताया कि टेकाचार कंपनी के सह संस्थापक और पेशे से इंजीनियर विद्युत मोहन ने अपने सामाजिक उद्यम के जरिए किसानों को अपनी फसल का अपशिष्ट नहीं जलाने के लिए समझाया और इन अपशिष्टों का



इस्तेमाल करते हुए उन्हें अतिरिक्त आमदनी के उपाए बताए। बयान में मोहन के हवाले से बताया गया, मैं हमेशा से ऊर्जा तक पहुंच और गरीब समुदायों के लिए आमदनी के अवसर मुहैया कराने के विषय पर काम करना चाहता था।

उन्होंने कहा, विकासशील देशों में आर्थिक विकास और पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिए संतुलन बनाने के सवालों का जवाब तलाश करना चाहता था। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने एक संदेश में कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान समाज की दिक्कतें बढ़ी हैं, अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ा है। उन्होंने कहा, हमें प्रकृति को हुए नुकसान के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने और टिकाऊ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यंग चैम्पियंस ऑफ द अर्थ लोगों को प्रेरित करने और इस दिशा में आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

यूएनईपी की कार्यकारी निदेशक इंगर एंडरसन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता को हुए नुकसान के सार्थक समाधान के लिए युवा अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। टेकाचार किसानों से धान की भूसी, पराली और नारियल के छिलके लेकर उन्हें चारकोल में बदलती है और किसानों को अपशिष्ट जलाने से रोकने के लिए प्रेरित करती है। वर्ष 2018 में शुरूआत के बाद से मोहन और कंपनी के सह संस्थापक केविन कुंग ने 4500 किसानों के साथ मिलकर काम किया और 30,000 टन अपशिष्ट का निपटारा किया।

# बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन संयंत्र अपनी पूर्ण क्षमता के साथ अब कार्यरत

मुंबई ■ एजेंसी

बीएसई, एनएसई में सूचीबद्ध, बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, एएसी (आटोक्लेव्ड एअरक्यूटेड कंक्रीट) ब्लॉक (फ्लाई ऐश ब्रिक्स) सहित निर्माण सामग्री के प्रमुख निमार्ताओं ने बीएसई को सूचित किया है कि उसने अपने संयंत्र के विस्तार का काम समय से पहले सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने अपनी सहायक कंपनी- एम / एस स्टारबिगब्लॉक बिल्डिंग मटेरियल प्राइवेट लिमिटेड की उत्पादन क्षमता में 25 प्रतिशत का विस्तार किया। अब यह अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही है। कंपनी को प्रमुख व्यावसायिक प्रस्तावों और योजनाओं की घोषणा करने की उम्मीद है। यह ध्यान देने योग्य है कि बाजार रिपोर्ट के अनुसार बिग ब्लॉक प्रमुख विस्तार और अधिग्रहण योजनाओं की घोषणा करेगा। इसके अलावा, यह अफवाह है कि कुछ बड़े वित्तीय संस्थान कंपनी में हिस्सेदारी लेने के लिए तैयार हैं।

इससे पहले बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन के प्रमोटरों ने धीरे-धीरे अधिग्रहण के जरिए अपनी शेयर होल्डिंग बढ़ाई थी और अब भी खुले बाजार के माध्यम से हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं और उनके इरादों के बारे में विधिवत रूप से सूचित किया गया है। इससे कंपनी में प्रमोटर्स के भरोसे का पता चलता है। बिगब्लॉक का गुजरात में अत्याधुनिक, पर्यावरण के अनुकूल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है, जहाँ कच्चे माल के रूप में फ्लाई ऐश का उपयोग करते हैं, क्योंकि यह न केवल विनिर्माण में कम ऊर्जा की खपत करते हैं, बल्कि बिजली की लागत को बचाने में भी मदद करते हैं और कार्बन क्रेडिट भी कमाते हैं। एएसी ब्लॉक्स उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री है, जो ईंटों की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली, कम वजन, थर्मल इन्सुलेशन, ध्वनि अवशोषण और नायाब अग्नि प्रतिरोध क्षमता का अद्वितीय संयोजन प्रदान करती है, जिससे संरचनात्मक लागत की बचत होती है। एएसी की बाजार हिस्सेदारी केवल 6% है, जो कि पारंपरिक ईंटों के 90% शेयर के मुकाबले है, जो कई बाजारों में प्रतिबंधित हैं। अग्रणी निर्माण कंपनियों द्वारा एएसी में इस बदलाव से एएसी की हिस्सेदारी काफी बढ़ने की उम्मीद है। बिगब्लॉक को लोधा, एचडीआईएल, कनकिया, रहेजा, रीजेंसी निरमन, महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, शापोर्जी पल्लोन्जी, आदि जैसे प्रतिष्ठित ग्राहक मिले हैं।

इसके अलावा, सरकार के पास सभी के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और हाउसिंग पर अधिक ध्यान देने के साथ, एएसी ब्लॉक की मांग कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे टर्नओवर और प्रॉफिटेबिलिटी काफी हद तक बढ़ जाएगी।

फिर चमका सोना — न्यूयॉर्क में सोना 1.01% और चांदी 3.37% की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे

# 56 हजार से उच्चतम स्तर पर पहुंचकर 47500 पर आया, 50 हजार के करीब, चांदी में भी बढ़त

**अगले छह महीन में सोने की कीमतें 52,500 रुपए तक पहुंच सकती हैं**

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

पिछले कुछ दिनों से सोने की कीमतों में फिर से बढ़त देखने को मिल रही है। हालांकि, सोना हाल ही के दिनों में अपने ऑल-टाइम उच्च स्तर 56,200 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया था। बाद में ये घटकर 47,500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया। अब एक बार फिर इसमें तेजी देखने को मिल रही है। अभी सोना 49,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर फिर से पहुंच गया है। कोविड वैक्सीन की खबरें जब से सुर्खियों में आई हैं तब से एक सुरक्षित ठिकाने के तौर पर सोनी की अपील कम हो गई है। गोल्ड और



अमेरिकी डॉलर एक साथ गिरना निवेशकों द्वारा संपत्ति के रोटेशन का संकेत है। एक तरफ जहां, चीन और भारत की लोअर फिजिकल डिमांड ने पिछले छह महीनों में लॉकडाउन के कारण कीमतों में बाधा उत्पन्न की। तो दूसरी तरफ, प्रोत्साहन के उपाय और एक बढ़ती हुई मुद्रास्फीति की कीमतों का समर्थन किया। कॉमिक्स पर सोने की कीमतें 1,850 डॉलर प्रति औंस और भारत में 49,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर हैं। ऐसे में निवेशकों के लिए सोना अभी बेहतर अवसर की तरह है, जो पहले इसमें चूक गए थे। केंद्रीय बैंकों का आक्रामक रुख और वैश्विक अर्थव्यवस्था की वसूली के चलते सोने में निवेश सुरक्षित माना जा रहा है। यह अगस्त 2020 के ऑल-टाइम हाई की तुलना में कम कीमतों को देखते हुए निवेशकों के लिए एक अच्छा अवसर है। हम आने वाले छह महीनों में सोने की कीमतें 52,500 रुपए तक पहुंच सकती हैं।

### चांदी की कीमतें अस्थिर रहीं

दूसरी तरफ, चांदी की कीमतें काफी अस्थिर रही है। अगस्त 2020 के दौरान चांदी 78,000 रुपए प्रति किलो के उच्चतम स्तर पर पहुंचकर 58,000 रुपए प्रति किलो के निचले स्तर तक पहुंच गई। अभी चांदी की कीमतें 65,000 रुपे प्रति किलो के आसपास बनी हुई हैं। हालांकि, चांदी की कीमतें अगले 6 महीने में 70,000 रुपए प्रति किलो के करीब जा सकती है।

### सोने-चांदी की कीमतों में उछाल

गुरुवार को वायदा बाजार में सोने की मांग में तेजी के चलते सटोरियों ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली, जिसके चलते सोने का भाव 340 रुपए बढ़कर 49,937 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। दूसरी तरफ, वायदा कारोबार में चांदी भी मजबूत मांग के चलते 1,679 रुपए बढ़कर 67,590 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले तीन दिन से गोल्ड की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

# मप्र सरकार पूरी तरह किसानों के लिए समर्पित

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार पूरी तरह से किसानों को समर्पित है तथा यहाँ किसानों की भलाई के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। आज प्रदेश के 35 लाख से अधिक किसानों के खातों में फसल नुकसानी के 1600 करोड़ रूपए की राशि सीधे उनके खातों में अंतरित की जा रही है, कोई बिचौलिए नहीं, कोई कमीशन नहीं। यह भारत में पिछले 5-6 वर्षों में बनाई गई व्यवस्था का परिणाम है, जिसकी पूरे विश्व में आज प्रशंसा हो रही है। किसानों को खेती से जुड़े कार्यों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड दिलाए जा रहे हैं, जिससे उन्हें कम ब्याज दर पर ऋण प्राप्त हो रहा है। आज यहां कोल्ड स्टोरेज, वेयर हाऊस आदि कृषि अधोसंरचनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास भी हुआ है, जो कि किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी होंगे। देश में भंडारण की कमी के चलते प्रतिवर्ष एक लाख करोड़ के फल, सब्जी, अनाज खराब हो जाते हैं। देश में भंडारण केन्द्रों का नेटवर्क बनाना तथा फूड प्रोसेसिंग के उद्यम स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि तीनों कृषि कानून किसानों के लिए अत्यंत लाभदायक एवं कृषि की उन्नति के लिए परम




आवश्यक है। ये कानून 25-30 वर्ष पहले ही देश में लागू हो जाने थे। पिछली सरकारों ने अपने घोषणा पत्रों में इन्हें लागू करने का जिक्र तो किया परंतु कार्य नहीं किया। कृषि सुधार के संबंध में स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को गत सरकार ने दबा दिया, जबकि हमने उसे लागू किया है। आज जब हमारी सरकार ने किसानों के हित में कृषि सुधारों को लागू किया है तो किसानों में भ्रम एवं डर फैलाया जा रहा है। किसान भाई इसे समझें और बिल्कुल भी भ्रमित न हों। हमारी नीयत माँ गंगा एवं माँ नर्मदा के जल जैसी पवित्र है। हमारा हर कदम किसानों के हित में है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रदेश के रायसेन में आयोजित किसान महासम्मेलन में प्रदेश के 50 लाख से अधिक किसानों को सीधे (वर्चुअली) संबोधित किया। किसान कार्यक्रम स्थल से तथा प्रदेश के सभी जिला, जनपद तथा ग्राम पंचायतों से वर्चुअली जुड़े थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश के साढ़े 35 लाख किसानों के खातों में फसल नुकसानी की प्रथम किश्त के रूप में 1600 करोड़ रूपए की राशि अंतरण की शुरूआत की। मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा कार्यक्रम में 70 करोड़ रूपए से अधिक के कृषि अधोसंरचना विकास के कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण किया। इसके साथ ही 2 हजार मछुआ पालक एवं पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में सांसद श्री श्री व्ही.डी. शर्मा कृषि मंत्री श्री कमल पटेल, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी आदि उपस्थित थे।

**किसानों की कर्जमाफी का वादा पूरा नहीं किया**-प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि गत सरकार ने किसानों से किया गया कर्जमाफी का वादा पूरा नहीं किया। किसानों के कर्ज माफ नहीं हुए तथा उन्हें कर्जमाफी के स्थान पर बैंकों के नोटिस व गिरफ्तारी के वारंट मिले। आज किसानों के हित में किए जा रहे सुधारों का विपक्षी विरोध कर रहे हैं तथा भ्रम फैला रहे हैं।

**आज नहीं है यूरिया की किल्लत**-प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध करा रही है। हमने यूरिया की कालाबाजारी रोकी है। पुराने खाद कारखानों को दोबारा चालू किया जा रहा है। आधुनिक फर्टिलाइजर प्लांट लगाए जा रहे हैं। हम किसानों को अब अन्नदाता के साथ ऊर्जादाता भी बना रहे हैं। किसानों के खेतों में कम कीमत पर सोलर पम्प लगाए जाने का अभियान चलाया जा रहा है। हमने अनाज पैदा करने वाले किसानों के साथ ही पशुपालन, मधुमक्खी पालन तथा मछली पालन करने वाले किसानों का भी पूरा ध्यान रखा है।

**एम.एस.पी. बंद हो जाएगी, इससे बड़ा नहीं है कोई झूठः**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विपक्षी यह भ्रम फैला रहे हैं कि एम.एस.पी. बंद हो जाएगी। इससे बड़ा कोई झूठ नहीं है। हमने न केवल विभिन्न फसलों की एम.एस.पी. में पर्याप्त वृद्धि की है बल्कि गत वर्षों में एम.एस.पी. खरीदी भी कई गुना बढ़ गई है। पुरानी सरकार में जहाँ गेहूँ की एम.एस.पी. दर 1400 रूपए प्रति क्विंटल थी अब वह 1975 रूपए प्रति क्विंटल है, धान की एम.एस.पी. 1310 के स्थान पर 1870, ज्वार की 1520 के स्थान पर 2640, मसूर की 1950 के स्थान पर 5100, चने की 3100 के स्थान पर 5100, तुअर की 4300 के स्थान पर 6000 तथा मूंग की एम.एस.पी. 4500 के स्थान पर अब 7200 रूपए प्रति क्विंटल है।

**मंडियों के आधुनिकीकरण पर 5 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च करेंगे**-प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि दूसरा बड़ा झूठ यह है कि मंडियां बंद हो जाएंगी। देश की कोई भी कृषि उपज मंडी बंद नहीं होगी, बल्कि हम उनके आधुनिकीकरण पर 5 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा खर्च करने जा रहे हैं। नए कानून के माध्यम से किसान को यह विकल्प दिया गया है कि वो अपनी फसल अपनी इच्छानुसार, जहां उसे अधिक लाभ प्राप्त हो, मंडी के भीतर या मंडी के बाहर कहीं भी बेचे। पिछले छह महीने से ये नए कानून देश में लागू किए गए हैं, आज तक कोई मंडी बंद नहीं हुई है, और न ही आगे बंद होगी।

**कृषि अनुबंध कानून देता है किसानों को सुरक्षा**-हमने जो फार्मिंग एग्रीमेंट (कृषि अनुबंध) कानून बनाया है, वह किसानों को सुरक्षा प्रदान करता है। बुवाई के समय ही किसान अपनी उपज का अनुबंध किसी से भी कर सकता है। यह अनुबंध उसकी फसल का ही होगा न कि उसकी भूमि का। किसानों को यह अधिकार दिया गया है कि वे उसे समाप्त कर सकेंगे परंतु व्यापारी अनुबंध को समाप्त नहीं कर पाएगा। नए कानून के अनुसार व्यापारी अनुबंध की गई दर पर किसानों की फसल खरीदने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य सरकारें सरल भाषा में एक अनुबंध फार्म बनाकर किसानों को उपलब्ध कराएं, जिससे उन्हें अनुबंध करने में सुविधा हो।

**प्रदेश के सभी किसान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ**-मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के सारे किसान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ हैं तथा नए कृषि कानून लागू करने के लिए उनका अभिनंदन एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी किसानों के सबसे बड़े हितैषी नेता हैं। किसानों की आय दोगुना करना उनका जुनून एवं जज्बा है। उन्होंने फसल बीमा योजना बनाई, किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए किसान सम्मान निधि दी जा रही है। देश के किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 02 लाख करोड़ रूपए का रियायती दरों पर ऋण दिलवाया तथा कृषि अधोसंरचना विकास के लिए 1 लाख करोड़ रूपए की राशि दी। वे निरंतर किसानों के हित में कार्य कर रहे हैं।

**कृषि कानूनों ने किसानों को मर्जी का मालिक बनाया**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा बनाए गए कृषि सुधार कानूनों ने अब किसानों को अपनी मर्जी का मालिक बना दिया है। वे अपनी मर्जी से मंडी अथवा उसके बाहर कहीं भी देश-विदेश में, जहां उन्हें अच्छा दाम मिले, अपनी फसल बेच सकते हैं। इसी प्रकार फसल अनुबंध के माध्यम से किसानों को उनकी फसलों का निश्चित एवं अधिक मूल्य मिलेगा। %स्टॉक लिमिट समाप्त करने से व्यापारियों द्वारा फसलों की अधिक खरीदी होगी, जिससे किसानों को अधिक लाभ प्राप्त होगा।

**मध्यप्रदेश में किसानों को 82 हजार करोड़ से अधिक का लाभ**

**कोई बिचौलिए नहीं, कोई कमीशन नहीं, सीधे किसानों के खातों में राशि**

**देश में जो कृषि सुधार 25-30 वर्ष पहले हो जाने थे वे अब हुए हैं**

**हमारी नीयत में गंगाजल एवं नर्मदा जल जैसी पवित्रता है**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रदेश के लाखों किसानों को सीधे (वर्चुअली) संबोधित किया**

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रायसेन में किसान महासम्मेलन में 35.50 लाख किसानों को फसल नुकसानी की 1600 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की**

**50 लाख से अधिक किसान वर्चुअली शामिल हुए**

**कार्यक्रम में प्रदेश की समस्त 22 हजार 810 ग्राम पंचायतों, 52 जिला मुख्यालयों, 313 विकासखण्ड मुख्यालयों, 237 मंडियों तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों से 50 लाख से अधिक किसान वर्चुअली शामिल हुए। कार्यक्रम को देखने के लिए 01 करोड़ 11 लाख व्यक्तियों ने वेबसाइट पर प्री-रजिस्ट्रेशन कराया था।**

**दिया गया**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसानों को विभिन्न योजनाओं, समर्थन मूल्य खरीदी आदि के माध्यम से 82 हजार करोड़ रूपए से अधिक का लाभ दिया गया है। मध्यप्रदेश के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री फसल बीमा के 8 हजार 646 करोड़ रूपए, उद्यानिकी फसल बीमा के 100 करोड़ रूपए, सहकारी बैंकों के माध्यम से सहायता के लिए 800 करोड़ रूपए, प्रधानमंत्री सम्मान निधि के 6 हजार 815 करोड़ रूपए, खरीफ फसलों के नुकसान के 1600 करोड़ रूपए, गेहूँ, धान, ज्वार, बाजरा, चना, सरसों की समर्थन मूल्य खरीदी के 35 हजार करोड़ रूपए, बिजली की सब्सिडी के 14 हजार 804 करोड़ रूपए तथा किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए बैंकों को 550 करोड़ रूपए दिए गए हैं। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार वर्ष में किसानों को 4-4 हजार रूपए देगी। फसल नुकसानी के कुल 4500 करोड़ रूपए किसानों को दिए जाएंगे, जिसकी पहली किश्त आज दी गई है। इसी के साथ प्रदेश में 7 नई सिंचाई परियोजनाओं के लिए 8 हजार करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

कार्यक्रम के अंत में सभी किसानों ने खड़े होकर एवं हाथ उठाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कृषि कानूनों का समर्थन तथा अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी का आभार प्रदर्शित किया।

# मानव अधिकार प्रोटेक्शन मध्यप्रदेश के सदस्यों ने बस स्टैंड पर राहगीरों को माक्स किये वितरण




**ग्वालियर।** मानव अधिकार प्रोटेक्शन के तत्वावधान में 10 दिसम्बर से प्रारम्भ हुआ जन जागरूकता अभियान निरतंर जारी है इसी क्रम में शुक्रवार की दोपहर 1 बजे बस स्टैंड चोराहा ग्वालियर में जन जागरूकता अभियान का चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेन्द्र झा प्रदेशाध्यक्ष मौजूद रहे इस अवसर श्री झा ने राहगीरों को माक्स लगाकर चलने की समझाइश जी कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अनिल सिंह राजपूत,प्रदेश उपाध्यक्ष विनय जैन श्याम श्रीवास्तव,रविद्दत शर्मा,मचल सिंह बेस,सुलभ श्रीवास्तव,रवि प्रजापति,राहुल ओझा, किरन भदौरिया अमित भटनागर,सहित अन्य सदस्यगण मौजूद रहे। इस अवसर पर राहगीरों को पर्चों के माध्यम से उनके मौलिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया व माक्स भी वितरण किये गए।

# ग्वालियर जिले के किसानों ने तालियाँ बजाकर किया नए कृषि कानूनों का समर्थन

**किसानों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुना प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का उदबोधन, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का आयोजन**

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने उदबोधन में जब नए कृषि कानूनों की खूबियां बताईं तो ग्वालियर जिले के किसानों ने तालियाँ बजाकर कृषि कानूनों का समर्थन किया। यहाँ बात हो रही है शुक्रवार को जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल बिहारी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर सभागार में आयोजित हुए जिला स्तरीय किसान सम्मेलन की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रायसेन में आयोजित हुए प्रदेश स्तरीय किसान सम्मेलन सहित प्रदेश भर के जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित हुए किसान सम्मेलनों में मौजूद कृषकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किया।

ग्वालियर में प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का संबोधन सुनने के लिये विशाल एलईडी स्क्रीन लगाई गई थी। किसान सम्मेलन में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह एवं अन्य अतिथियों ने मंच से प्रतीक स्वरूप लगभग एक दर्जन किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता के चैक व प्रमाण-पत्र सौंपे। कुल मिलाकर जिले के 2 हजार 514 किसानों को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सहित किसानों से जुड़े अन्य विभागों की योजनाओं के तहत लगभग 147 लाख रूपए की आर्थिक सहायता वितरित की गई। ज्ञात हो रायसेन में आयोजित हुए राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने एक क्लिक के जरिए प्रदेश के साढ़े 35 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1600 करोड़ रूपए की राहत राशि पहुँचाई। खरीफ 2020 में हुए फसलों के नुकसान से प्रभावित किसानों को यह राहत राशि प्रदेश सरकार ने मुहैया कराई है। ग्वालियर में आयोजित हुए जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा भुजवल सिंह यादव, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री शांतिशरण गौतम, संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा तथा जिले के अन्य जनप्रतिनिधिगण व जिले के विभिन्न ग्रामों से आए कृषकगण मौजूद थे।

**आर्थिक सहायता पाकर गदगद हुए किसान**

जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत मिली आर्थिक सहायता से किसान गदगद थे। मुरार तहसील के ग्राम टिहोली से आए कृषक आसीन अली का कहना था कि मेरे द्वारा किए जा रहे अच्छे पशुपालन के लिये सरकार की ओर से मुझे 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता मिली है। इस राशि से हम अपने पशुपालन को और आगे बढ़ायेंगे। इसी तरह भितरवार जनपद पंचायत के ग्राम पुराबनवार से आईं श्रीमती गुड्डी बाई किसान सम्मेलन में मिला प्रमाण-पत्र दिखाते हुए बोलीं उद्यानिकी क्षेत्र में अच्छे काम के लिये सरकार ने मुझे 20 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी है। गुड्डीबाई का कहना था कि भीमा आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़कर हमारे गाँव की महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए हैं। इसी तरह ग्राम सिरोल की निवासी कु. पूजा वर्मा संरक्षित खेती करती हैं, उन्हें पॉली हाउस बनाने के लिये उद्यानिकी विभाग की योजना के तहत 7 लाख 83 हजार रूपए की आर्थिक सहायता किसान सम्मेलन में मुहैया कराई गई। इतनी बढ़ी आर्थिक सहायता पाकर उनकी खुशी देखते ही बनी। ग्राम रौरा निवासी कृषक रामेश्वर सिंह व राजेन्द्र सिंह को किसान क्रेडिट कार्ड व 35 - 35 हजार रूपए की आर्थिक सहायता जिला स्तरीय किसान सम्मेलन में मिली। इन दोनों कृषकों का कहना था कि अब हमें अपनी फसल में खाद देने के लिये किसी से उधार लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**इन विभागों की योजनाओं के तहत 2514 किसानों को मिली आर्थिक मदद**

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की योजनाओं के तहत 2 हजार 251 किसानों को 32 लाख 24 हजार रूपए की सहायता दी गई। इसी तरह जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा 207 कृषकों को 90 लाख 85 हजार, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 54 किसानों को लगभग एक लाख 43 हजार और उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के तहत दो किसानों को 22 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

**विकासखण्ड मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी हुआ किसान सम्मेलनों का आयोजन**

ग्वालियर में आयोजित हुए जिला स्तरीय किसान सम्मेलन के साथ-साथ विकासखण्ड स्तरीय किसान सम्मेलन भी आयोजित हुए, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। विकासखण्ड मुरार के किसान सम्मेलन का आयोजन यहां बाल भवन में किया गया। इसी तरह भितरवार में कृषि उपज मंडी परिसर, घाटीगाँव (बरई) में मंडी परिसर एवं डबरा में नगर पालिका के कम्युनिटी हॉल परिसर में किसान सम्मेलन आयोजित हुआ। इसी तरह जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी किसान सम्मेलन आयोजित हुए।

# गौशालाओं में पानी-चारे की व्यवस्था के साथ ठंड से बचाव के उपाय भी करें

## स्व-सहायता समूह की दीदी संचालित करेंगीं ग्रामीण अंचल की गौशालायें, 30 गौशालायें बनकर तैयार

**ग्वालियर।** गौशालाओं में पानी व चारे की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ गौवंश को ठंड से बचाने के लिये पुख्ता उपाय किए जाएं। गौवंश के लिये बने टीनशेड को ज्वार की करब एवं प्यार इत्यादि से अच्छी तरह ढककर गौवंश को ठंड से बचाने के उपाय किए जाएं। यह निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा जिले की सभी जनपद पंचायतों के अंतर्गत पूर्ण हो चुकी गौशालाओं का संचालन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्व-सहायता समूहों की दीदियों को विधिवत अनुबंध कर सौंपें। ज्ञात हो जिले की चारों ग्राम पंचायतों में लगभग 30 गौशालायें बनकर तैयार हो गई हैं। यहाँ जिला पंचायत के सभागार में संबंधित अधिकारियों एवं स्व-सहायता समूहों की बैठक सह प्रशिक्षण में निराश्रित गौवंश की देखभाल की बारीकियां सिखाई गईं। प्रशिक्षण में संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच व सचिव ग्राम रोजगार सहायक और स्व-सहायता समूहों के अध्यक्ष व सचिव शामिल हुए।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री वर्मा ने सहायक संचालक पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें को निर्देश दिए कि गौशाला की शत प्रतिशत गायों का टीकाकरण और टैगिंग का काम जल्द से जल्द पूर्ण करें। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि गौशाला परिसर में पानी के बोरवेल के समीप जल संरक्षण संरचनायें जरूर बनवाएँ। साथ ही कहा कि स्व-सहायता समूहों की आय में बढ़ोत्तरी के लिये गौशाला में गोबर की लकड़ी, दीया एवं अन्य सामग्री का निर्माण कराया जाए। श्री वर्मा ने गौशाला परिसर में चारागाह विकास पर भी विशेष बल दिया।

**इन ग्राम पंचायतों में बनी हैं गौशालायें:**बैठक में बताया गया जनपद पंचायत भितरवार के अंतर्गत ग्राम पंचायत केरूआ, करहिया, डोंगरपुर, लदवाया, पवाया व कछौआ में एक - एक और हिम्मतगढ़ में 2 गौशालायें बनकर तैयार हो गई हैं। इसी तरह जनपद पंचायत घाटीगाँव के अंतर्गत बन्हेरी (रानी घाटी), पवा, उम्मेदगढ़, दौरार, पाटई, बड़ागाँव व तिघरा में गौशालायें बनाई गई हैं। जनपद पंचायत डबरा के अंतर्गत जौरासी, लखनौती, सिसगाँव, जनकपुर, धवा, कुम्हर्रा, मेहगांव में एक - एक व जनकपुर में दो गौशालायें बनाई गई हैं। जनपद पंचायत मुरार के अंतर्गत राहुली, दुहिया, बंधोली, बेहट, रतवई, बरेठा व सिरसौद में गौशालाओं का निर्माण किया गया है।

### आईएफएमआईएस प्रणाली से वेतन निर्धारण के लिये संभाग के सभी जिलों में लगेंगे शिविर

ग्वालियर। सातवें वेतनमान के तहत आईएफएमआईएस प्रणाली से वेतन निर्धारण के लिये संभाग के सभी जिलों में 10 दिवसीय विशेष शिविर लगाए जायेंगे। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना की पहल पर 21 दिसम्बर से यह शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। जिला कोषालय पर सातवें वेतनमान का निर्धारण करने के लिये आईएफएमआईएस प्रणाली के तहत ऑनलाइन जानकारी सबमिट कर जिला स्तर एवं मुख्यालय स्तर पर शिविर लगाए जायेंगे। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना ने संभाग के सभी जिला कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीनस्थ सभी विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से शेष लंबित प्रकरण ऑनलाइन सबमिट कराकर सेवा पुस्तिका जिला कोषालय में जमा कराएँ, जिससे संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय द्वारा वेतन निर्धारण दलों के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण कराया जा सके। शिविर में ऐसे प्रकरण भी सबमिट कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिनका भौतिक रूप से अनुमोदन हो चुका है। मगर निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रकरण प्रस्तुत नहीं हुए हैं। ऐसे प्रकरणों में सेवा पुस्तिका भी प्रस्तुत करने के लिये कहा गया है।

सम्पर्क व कॉल का समय 11 से 4 बजे तक ॥ श्री गणेशाय नमः ॥ रेरा रजिस्टर्ड फर्म
सौम्या प्रोपर्टी डीलर
आवासीय, कॉमर्शियल, इन्डस्ट्रीयल, एग्रीकल्चर भूमी खरीदने, बेचने व रेन्ट (किराये) पर लेने, निवेश के लिये एवं प्रोपर्टी व्यवसाय से जुड़ने के लिये भी सम्पर्क करें :-
9301759475, 9713253992
ऑफिस : शॉप नं. 3-4, तोमर मार्केट, गायत्री मन्दिर वाली गली, पिन्टो पार्क, ग्वा.

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
Whatsapp :- 9425665944, 7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक- भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478